Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 168 | शुक्रवार, 20 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## ईरान-इजरायल में भीषण जंग तेज

# तेल अवीव में अस्पताल पर हमला, 200 घायल

**तेल अवीव।**



ईरान के मिसाइल हमले में बीरशेबा के सारोका अस्पताल को भारी नुकसान और तेल अवीव की कई आवासीय भवनों को क्षति पहुंचने के बाद इजरायल ने ईरानी नेता अली खामेनेई को निशाना बनाने की धमकी दी है। इन हमलों में 240 लोग घायल हुए हैं जिनमें से चार की हालत गंभीर है। मामूली रूप से घायल लोगों की संख्या इनके अतिरिक्त है। इन हमलों के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अस्पताल पर हमले के लिए खामेनेई को जिम्मेदार बताया और उनके खात्मे तक युद्ध जारी रखने का संकल्प जताया। यद्यपि चंद रोज पहले खामेनेई को मारने की इजरायली योजना पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रोक लगाए जाने की बात सामने आई थी। उसके बाद ट्रंप ने कहा था कि ईरानी नेता को अभी मारने की योजना नहीं है। ईरान ने जिस सारोका अस्पताल पर हमला किया है वह एक हजार से ज्यादा बेड वाला है और इजरायल के दक्षिण भाग के लगभग 10 लाख लोगों को चिकित्सा सेवा देता है। वहां करीब 200 लोग घायल हुए हैं। इस बीच इजरायल के लड़ाकू विमानों ने गुरुवार को ईरान के अराक स्थित परमाणु संयंत्र और उसके हैवी वाटर रिएक्टर को निशाना बनाया। यह रिएक्टर प्लूटोनियम बना रहा था जिसका कि परमाणु हथियार बनाने में उपयोग होता है। हमले के बाद संयंत्र से विकिरण फैलने की सूचना नहीं है। नातांज के निकट स्थित एक अन्य परिसर को भी निशाना बनाए जाने की सूचना है। दोनों ही हमले ईरान के परमाणु कार्यक्रम और हथियारों के निर्माण से जुड़े हुए थे। परमाणु संयंत्र पर हमले से पहले इजरायल ने आमजनों को इलाका छोड़ देने के लिए कहा था। युद्ध से जुड़ी सूचनाओं के सार्वजनिक होने पर रोक के बीच मानवाधिकारों के लिए कार्य करने वाली वाशिंगटन की संस्था ने बताया है कि इजरायल के हमलों से ईरान में अभी तक 639 लोग मारे गए और 1,300 से ज्यादा घायल हुए हैं।

## नए सरकारी आवास में हुए शिफ्ट राहुल गांधी

**नई दिल्ली।**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पता अब बदल गया है। राहुल गांधी अब लुटियन जोन के सुनहरी बाग रोड के बंगला नंबर पांच में रहेंगे। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर बंगले में सामान शिफ्ट होना शुरू हो गया है, लेकिन पार्टी सूत्रों ने बताया कि वे अगले संसद सत्र से पहले वहां रहना शुरू कर देंगे। राहुल गांधी पांच, सुनहरी बाग रोड को अपना आधिकारिक आवास बनाने पर सहमति जताई है।

सूत्रों ने बताया कि 21 जुलाई को संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले गांधी उस बंगले में रहना शुरू कर देंगे। पिछले साल संसदीय सूत्रों ने कहा था कि गांधी को बंगला देने की पेशकश की गई है और उनकी ओर से जवाब का इंतजार है। गौरतलब है कि राहुल गांधी जब से सांसद बने हैं, तब से उनका आवास 12, तुगलक लेन था। हालांकि, मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद 2023 में लोकसभा से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद उन्होंने वह घर खाली कर दिया था। इसके बाद राहुल अपनी मां सोनिया गांधी के 10, जनपथ स्थित आवास में चले गए और अपनी अयोग्यता रद होने के बाद भी वहीं रह रहे हैं। इसके बाद राहुल अपनी मां सोनिया गांधी के 10, जनपथ स्थित आवास में चले गए और अपनी अयोग्यता रद होने के बाद भी वहीं रह रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद, राहुल गांधी टाइप 8 बंगले के हकदार हैं, क्योंकि उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त है। सुनहरी बाग स्थित आवास पर पहले कर्नाटक के भाजपा नेता ए नारायणस्वामी रहते थे। वह 2021 से 2024 तक मोदी सरकार में सामाजिक न्याय राज्य मंत्री थे।

> लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद, राहुल गांधी टाइप 8 बंगले के हकदार हैं, क्योंकि उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त है। सुनहरी बाग स्थित आवास पर पहले कर्नाटक के भाजपा नेता ए नारायणस्वामी रहते थे। हालांकि, मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद 2023 में लोकसभा से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद उन्होंने वह घर खाली कर दिया था।

## अहमदाबाद हवाई अड्डा बर्ड स्ट्राइक का हॉटस्पॉट

**नई दिल्ली।**



अहमदाबाद हवाई अड्डे पर 2018 से 2023 के बीच पक्षियों और जानवरों से टकराने की 319 घटनाएं हुईं, जो दिल्ली और मुंबई के बाद तीसरे नंबर पर है। एक पशु अधिकार संगठन ने कहा कि अगर विमानन नियमों को सख्ती से लागू किया जाता, तो हालिया हादसा टल सकता था। अहमदाबाद हवाई अड्डे पर जनवरी 2018 से अक्तूबर 2023 के बीच पक्षियों और अन्य वन्यजीवों के टकराने की 319 घटनाएं दर्ज की गई हैं। इस मामले में दिल्ली (710) और मुंबई (352) के बाद तीसरे स्थान पर है। एक पशु अधिकार थिंक टैंक ने गुरुवार को यह खुलासा किया। यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है, जब एक हफ्ते पहले अहमदाबाद में एअर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में कुल 241 यात्रियों सहित 270 लोगों की जान चली गई थी। विमान एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास से टकरा गया था।

## एअर इंडिया की 15% उड़ानों में कटौती

**नई दिल्ली।**



एअर इंडिया ने अपने वाइड बॉडी विमानों (बोइंग 787 और 777) से संचालित उड़ानों में 15 फीसदी तक की अस्थायी कटौती की घोषणा की है। यह फैसला 21 जून से 15 जुलाई 2025 तक प्रभावी रहेगा। अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे के बाद एयरलाइन ने ये कदम उठाया है। एअर इंडिया ने गुरुवार को कहा कि 21 जून से 15 जुलाई के बीच 16 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानें कम की जाएंगी और तीन विदेशी गंतव्यों पर उड़ानें निलंबित की रहेंगी। यानी इन मार्गों पर कोई फ्लाइट नहीं चलेगी। ये फैसला अहमदाबाद में 12 जून को हुए घातक विमान हादसे के बाद लिया गया है। इस भीषण विमान हादसे में विमान में सवार 241 और घटनास्थल पर मौजूद तकरीबन 29 लोगों की मौत हुई है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कहा कि इसका उद्देश्य यात्रियों को अंतिम समय में होने वाली असुविधा को कम करना है। ये घोषणा उस समय की गई है जब एक दिन पहले एयरलाइन ने कहा था कि वह अस्थायी रूप से बड़े आकार वाले विमानों से संचालित उड़ानों में 15 प्रतिशत की कटौती करेगी। एयरलाइन ने बयान में कहा, 'ये कटौती 21 जून, 2025 से प्रभावी होगी और कम से कम 15 जुलाई, 2025 तक जारी रहेगी।' इसमें दिल्ली-नैरोबी, अमृतसर-लंदन (गैटविक) और गोवा (मोपा)-लंदन (गैटविक) पर 15 जुलाई तक सेवाएं निलंबित रहेंगी। इसके अलावा, उत्तरी अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और सुदूर पूर्व के शहरों को जोड़ने वाले 16 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानों में कमी की जाएगी।

## लंदन में बोले पीयूष गोयल

# '2047 तक भारत को 32 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना लक्ष्य'



**लंदन।**

ब्रिटेन दौरे पर लंदन में पीयूष गोयल ने कहा कि 2047 तक भारत 32 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा। साथ ही उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर कहा कि भारत एआई को अपनाने जा रहा है। हम इसे रोजगार के लिए खतरा नहीं मानते। ब्रिटेन दौरे पर गए भारत के उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री पीयूष गोयल ने भारत के 32 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य पर जोर दिया। जहां लंदन के साइंस म्यूजियम में आयोजित फ्यूचर फ्रंटियर्स फोरम में भारत के आर्थिक भविष्य और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर कई सारी बड़ी बातें की। साथ ही उन्होंने भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक रिश्तों और सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों और समृद्ध विरासत को साझा करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत आज 2500-3000 डॉलर प्रति व्यक्ति आय वाला देश है, लेकिन हमारा सपना है कि 2047 तक जब हम आजादी के 100 साल पूरे करेंगे।

## असमंजस में फंसे ट्रंप को अब भी आस

# 'ईरान पर हमला करना है या नहीं, दो सप्ताह में फैसला लूंगा'

**नई दिल्ली।**



इस्राइल पर ईरान के ताजा हमले में कम से कम 240 लोग घायल हुए हैं, जिनमें सोरोका मेडिकल सेंटर पर हमले में घायल हुए 80 मरीज और चिकित्साकर्मी शामिल हैं। इस बीच ट्रंप ने ईरान पर हमले को लेकर बड़ा बयान दिया है। पश्चिम एशिया में हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं। इस्राइल और ईरान के बीच सैन्य झड़पें लगातार बढ़ रही हैं। इसी तनाव के बीच गुरुवार को ईरान ने जवाबी कार्रवाई में दक्षिणी इस्राइल के 'सोरोका अस्पताल' पर मिसाइल हमला किया। जिसके बाद बात और बिगड़ गई है। इस्राइल ने ईरान को खुली धमकी दी है कि अब अयातुल्ला खामनेई जिंदा नहीं बचेंगे। इस बीच, ईरान पर हमले को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वो इस मसले पर दो सप्ताह में निर्णय लेंगे। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने इस संबंध में जानकारी दी। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले दो सप्ताह के भीतर यह निर्णय लेंगे कि ईरान पर हमला करना है या नहीं। उन्होंने कहा कि ट्रंप को अभी भी इस बात की पर्याप्त संभावना दिख रही है कि वार्ता के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका और इस्राइल की मांगें पूरी हो सकती हैं। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि फिलहाल ईरान को अपने संवर्धन कार्यों तथा परमाणु हथियार बनाने की किसी भी अन्य संभावना को तत्काल बंद करने की राष्ट्रपति की चेतावनी की समयसीमा बढ़ा दी गई है।

> इससे पहले, इस्राइल के बीरशेबा इलाके में सोरोका अस्पताल पर ईरान ने मिसाइल हमला किया है। इस हमले में कम से कम 40 लोग घायल हो गए। वहीं, कुछ की मौत भी हुई है। मध्य और दक्षिण इस्राइल में भी ईरानी मिसाइलों से काफी नुकसान हुआ है।

## देश ही नहीं विदेशों में भी योग दिवस को लेकर लोगों में उल्लास

**नई दिल्ली।**




21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर देश ही नहीं दुनियाभर में तैयारियां तेज हो गई हैं। भारत से लेकर दुनियाभर में इस दिवस को धूम-धाम और उत्साह से मनाया जाएगा। एक ओर जहां भारत में संस्कृति मंत्रालय की ओर से इस दिन भारत के 100 प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों और 50 सांस्कृतिक स्थलों पर एक साथ योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। वहीं दूसरी ओर वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने योग दिवस से पहले योग सत्र का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। आने वाले 21 जून को देश-विदेश में 11वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की तैयारी उत्साहपूर्ण तरीके से चल रही है। भारत से लेकर अमेरिका तक में इस दिवस के लिए लोगों के मन में एक अलग उत्साह देखने को मिल रहा है। बात अगर भारत की तैयारियों की करें तो संस्कृति मंत्रालय भी 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे देश में बड़े उत्साह के साथ मनाने जा रहा है।

## 11 वर्षों में रक्षा निर्यात में भारत का बढ़ा दबदबा, तेजस एयरक्राफ्ट और आकाश मिसाइल सिस्टम जैसे स्वदेशी उत्पादों की धमक

**नई दिल्ली।**

विगत 11 वर्षों में भारत रक्षा निर्यात के क्षेत्र में एक मजबूत ग्लोबल लीडर के रूप में उभरा है क्योंकि इसमें कई गुना वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में 23,622 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात दर्ज किया गया, जबकि 2013-14 में यह सिर्फ 686 करोड़ रुपये था। साथ ही, देश ने अपने रक्षा क्षेत्र को स्वदेशी बनाने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। इसने वित्त वर्ष 2023-24 में अपना अब तक का सबसे अधिक रक्षा उत्पादन हासिल किया, जिसका कुल मूल्य 1,27,434 करोड़ रुपये है। यह 2014-15 के 46,429 करोड़ रुपये की तुलना में 174 प्रतिशत अधिक है। सरकार के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, लाइट काम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस, अर्जुन टैंक, आकाश मिसाइल सिस्टम, एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर और कई नौसैनिक जहाजों जैसे स्वदेशी उत्पादों ने इस सफलता में योगदान दिया है। यह वृद्धि केंद्रित नीतियों और आत्मनिर्भरता के लिए मजबूत प्रयास से प्रेरित है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने 23,622 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात दर्ज किया, जो वित्त वर्ष 2013-14 में 686 करोड़ रुपये था। निजी क्षेत्र ने 15,233 करोड़ रुपये का योगदान दिया, जबकि रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम ने 8,389 करोड़ रुपये का योगदान दिया।



## संपादक की कलम से

# हिमाचल का पहलगाम

सरकार के कदम पहुंचते ही बंद फाइलें खुल जाती हैं, प्रदेश का बजट और योजनाएं आंखें खोल लेती हैं और विकास की प्राथमिकताएं नई कसरतें शुरू कर देती हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार गांव के द्वार में अब तक जो क्षेत्र मापे हैं, वे सभी अपनी विशेषताओं के आगोश में नई आर्थिकी की करवटें भी हैं। यह दीगर है कि अभी चंबा, लाहुल–स्पीति, कुल्लू व किन्नौर की प्रकृति में ही प्रक्रिमा के हस्ताक्षर करती उम्मीदें सामने आई हैं। अब बागा सराहन तक



ललित शर्मा
संपादक

पहुंचे कदम ठिठक जाते हैं। प्रकृति अपने निखार को श्रृंखलाबद्ध करके हाजिरी लगाती है, तो मुख्यमंत्री का शिविर, सरकार पर्यटन का द्वार बना देता है। पहली बार पर्यटन की अभिलाषा सरकार के साथ कदमताल करती है, तो संभावनाओं के अक्स में एक साथ कई पहलगाम, कदमताल करना शुरू कर देते हैं। सरकार तो पहुंच गई, लेकिन पर्यटक कैसे पहुंचें, क्योंकि आसान नहीं है इस क्षेत्र के मानचित्र को सडक की यात्रा से सीधे जोड़ा। अभी सारी कनेक्टिविटी रामपुर बुशहर और निरमंड के कठिन मार्ग से ही संभव है, जबकि सामने कुल्लू से आंख मिलाते इस स्थान को एक अदद आसान सी सडक चाहिए। हम बार–बार कहते आएं हैं कि पर्वतीय राज्यों में कुछ पर्यटन मार्ग चिन्हित होने चाहिएं। इसी परिप्रेक्ष्य में अगर कुल्लू से बागा सराहन की लगभग तीस किलोमीटर की दूरी पाट दी जाए, तो पूरा पर्यटन कश्मीर घाटी के तिलिस्म को भूल जाएगा। बहुत पहले जब शांता कुमार प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने खजियार के विकास को स्विट्जरलैंड की राह पर देखा, लेकिन आज तक हुआ कुछ भी नहीं। देखा जाए तो एडीबी प्रोत्साहित परियोजनाओं में भी पर्यटन विकास की परिपाटी विकसित करने के बजाय फिजूलखर्ची ही हुई या राजनीतिक तरफदारी में अनेक संभावनाएं गुम हो गईं। यही आश्चर्य बागा सराहन जैसे स्थानों को घोर उपेक्षा में देख रहा है। पिछली सरकार ने नई राहें–नई मंजिलों के तहत तीन महत्त्वाकांक्षी परियोजनाएं शुरू की थीं, लेकिन पर्यटन दोहन की अति का एक नजारा आज का बीड़–बिलिंग है। नए क्षेत्रों के विकास को एक मॉडल के तहत ही स्थापित करना चाहिए। कल बागा–सराहन की हालत आज के बीड़–बिलिंग की तरह न हो, इसलिए आसपास के विस्तृत क्षेत्र को साडा के तहत लाकर टीसीपी कानून लागू कर देना चाहिए। बागा–सराहन को कश्मीर के पहलगाम से भी श्रेष्ठ रैंकिंग में लाना है, तो बीस–पच्चीस वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के लिए पर्यटन एवं शहरी विकास योजना का मानचित्र तैयार करना होगा। आज से ही कंक्रीट के जरिए निर्माण को प्रतिबंधित करते हुए क्षेत्र को पारंपरिक वास्तुशास्त्र के तहत ही अनुमति प्रदान करनी होगी। कुछ साल पूर्व हमने सियासी कारणों से मनाली स्की विलेज की एक बड़ी परियोजना को शून्य किया था या आज पूरे मनाली क्षेत्र की आभा को ही कंक्रीट के बेहद इस्तेमाल से उजाड़ चुके हैं, तो बागा–सराहन को पर्यटन के भविष्य के रूप में सुसज्जित व सुव्यवस्थित करने के लिए एक अलग से प्राधिकरण या विकास बोर्ड का गठन करना होगा। मुख्यमंत्री ने कुल्लू से जोडे के लिए सडक सर्वेक्षण की घोषणा के अलावा ई कार्ट खरीद पर पचास फीसदी सबसिडी की घोषणा की है। पर्यटन विकास को अब विभिन्न डेस्टिनेशन के हिसाब से एक मॉडल के रूप में विकसित करना होगा। उदाहरण के लिए पालमपुर के आसपास हाई–वे टूरिज्म डेस्टिनेशन के प्रारूप में टूरिस्ट विलेज, मनोरंजन पार्क, टी टूरिज्म और फूड मार्ट से सुसज्जित करके वाइब्रेंट बनाना होगा।

## विश्व संगीत दिवस- 21 जून 2025

# दिलों को ही नहीं, विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ता है संगीत

संगीत हर इंसान के न सिर्फ शारीरिक, बल्कि भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। यह ईश्वर का मानव को अनमोल उपहार है। क्योंकि एक सुर, जो जोड़ता है दुनिया को बिना बोले, धुनों से रचता है मनुष्य मन की कहानी। संगीत न केवल शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम है बल्कि यह हमारी भावनाओं को जुबान देता है, यह तनाव कम करता एवं अनेक बीमारियों से मुक्ति भी देता है। संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी



ललित गर्ग

इंसान को भी खुश कर देता है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने में संगीत सबसे असरदार माध्यम है। संगीत को दुनिया की सबसे आसान और बेहतरीन भाषा मानी जाती है। संगीत की इन्हीं विलक्षण एवं अद्भुत विशेषताओं के कारण ही 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 की थीम है सद्भाव के माध्यम से उपचार, जो संगीत की एकजुटता और उत्थान की क्षमता पर जोर देता है। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता, सद्भाव, सौहार्द तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है।

संगीत दिवस को फेटे डी ला म्यूजिक के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है संगीत उत्सव। विश्व संगीत दिवस 110 देशों में ही मनाया जाता है जिनमें जर्मनी, इटली, मिस्त्र, सीरिया, मोरक्को, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, कांगो, कैमरून, मॉरीशस, फिजी, कोलम्बिया, चिली, नेपाल, और जापान आदि हैं। विश्व में सदा ही शांति बरकरार रखने के लिए ही फ्रांस में पहली बार 21 जून 1982 में प्रथम विश्व संगीत दिवस मनाया गया था, जिसका श्रेय तात्कालिक सांस्कृतिक मंत्री श्री जैक लो को जाता है। इससे पूर्व अमेरिका के एक संगीतकार योएल कोहेन ने वर्ष 1976 में इस दिवस को मनाने की बात की थी। इस त्यौहार के अलग-अलग देशों में अलग-अलग नाम हैं, उदाहरण के लिए फ्रांस में ला फेते डे ला म्यूजिक, यूके में मेक म्यूजिक डे, इटली में फेस्टा डेला म्यूजिका या पोलैंड में स्विएटो मुजिकी। भारत में संगीत जीवन का



अभिन्न हिस्सा है, शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में सपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। ये संगीत का जादुई प्रभाव ही है कि नवजात शिशु भी झुनझुने की आवाज सुन किलकारी भरने लगता है। श्रीकृष्ण की बांसुरी की मीठी ध्वनि को सुन गोपियों का आकर्षित हो खिंचे चले आना-ये सारे किस्से संगीत की ही महिमा का बखान करते हैं। विश्व संगीत दिवस पर सभी प्रकार के संगीत का जश्न मनाया जाता है, जिसमें फंक, जैज, रॉक, शास्त्रीय, लोक, टेक्नो, ब्लूज आदि शामिल हैं। भारतीय संगीत प्राचीन काल से भारत मे सुना और विकसित होता संगीत है। शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्त्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। ब्रह्माजी ने ज्ञान की देवी सरस्वती को संगीत की सीख दी। मां सरस्वती के कर-कमलों में वीणा की उपस्थिति संगीत की महानता की कहानी स्वयं ही कह जाती है। देवी सरस्वती ने नारदजी को, नारदजी ने महर्षि भरत को तथा महर्षि भरत ने नाट्यकला के माध्यम से जन सामान्य में संगीत को पहुंचाया। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखानियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बाबरा, कवि रहीम, संत रैदास संगीत को सदैव जीवित रखेंगे। इस संगीत का प्रारंभ वैदिक काल से भी पूर्व का है। इस संगीत का मूल स्त्रोत वेदों को माना जाता है। पंडित शारंगदेव कृत संगीत रत्नाकर ग्रंथ मे भारतीय संगीत की परिभाषा गीतम, वादयम् तथा नृत्यं त्रयम संगीतमुच्यते कहा गया है। गायन, वाद्य वादन एवम् नृत्य; तीनों कलाओं का समावेश संगीत शब्द में माना गया है। तीनो स्वतंत्र कला होते हुए भी एक दूसरे की पूरक है। भारतीय संगीत के दो प्रकार प्रचलित है; प्रथम कर्नाटक संगीत, जो दक्षिण भारतीय राज्यों में प्रचलित है और दूसरा हिन्दुस्तानी संगीत शेष भारत में लोकप्रिय है। भारतवर्ष की सारी सभ्यताओं में संगीत का बड़ा महत्व रहा है। धार्मिक एवं सामाजिक परंपराओं में संगीत का प्रचलन प्राचीन काल से रहा है। इस रूप में, संगीत भारतीय संस्कृति की आत्मा मानी जाती है। वैदिक काल में आध्यात्मिक संगीत को मार्गी तथा लोक संगीत को देशी कहा जाता था। कालांतर में यही शास्त्रीय और लोक संगीत के रूप में दिखता है।

भारत में संगीत मुगल बादशाहों की छत्रछाया में और कर्नाटक संगीत दक्षिण के मन्दिरों में सर्वाधिक विकसित हुआ। इसी कारण दक्षिण भारतीय कृतियों में भक्ति रस अधिक मिलता है और हिन्दुस्तानी संगीत में श्रृंगार रस। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। संगीत मनोरंजन का जरिया ही नहीं, बल्कि यह देशों-दुनिया की संस्कृति को भी समझने में मदद करता है। खुशी हो या फिर गम, संगीत दिल को सुकून देता है। कहते हैं संगीत की कोई भाषा नहीं होती, यह सरहदों के पार होता है, दिल से निकलकर दिल तक पहुंचता है। संगीत को प्रेम की भाषा भी कहा जाता है। किसी के दिन की शुरूआत संगीत से होती है तो किसी की रात संगीत पर खत्म हो जाती है। संगीत दिल को खुशी देने का काम करता है। संगीत सिर्फ सात सुरों में बंधा नहीं होता। इसे बांधने के लिए विश्व की सीमाएं भी कम पड़ जाती हैं। अगर इसे महसूस करें तो दैनिक जीवन में संगीत ही संगीत भरा है-कोयल की कूक, पानी की कलकल, हवा की सरसराहट, मन्दिर की झंकार, हर जगह संगीत ही तो है, बस जरूरत है तो इसे महसूस करने की। किसी के लिए संगीत का मतलब अपने दिल को शांति देना है तो कोई अपनी खुशी का संगीत के द्वारा इजहार करता है। प्रेमियों के लिए तो संगीत किसी रामबाण या ब्रह्मास्त्र से कम नहीं। संगीत में मूड ठीक करने की अद्भुत ताकत होती है। अच्छा संगीत बेचैनी कम करता है। शोध कहते हैं कि घंटों काम कर रहे व्यक्ति का कुछ देर अच्छा संगीत सुनना उनकी रचनात्मकता व कार्यक्षमता को बढ़ा सकता है। संगीत को लेकर हुए अध्ययनों में पता चला है कि संगीत शरीर में बदलाव लाता है, जो स्वास्थ्य में सुधार एवं शांति स्थापित करता है। इसके अलावा जो मरीज अवसाद और निराशा के शिकार होते हैं, उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए संगीत थेरेपी दी जाती है। संगीत मन और शरीर दोनों को ही आराम पहुंचाता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत, ध्वनि का ऐसा लयबद्ध व्यवहार है जो हमें अपने आपसे जोड़ने में सहायक सिद्ध होता है। भारतीय संस्कृति में भी विभिन्न वाद्य-यंत्रों एवं उनसे उत्पन्न ध्वनि, राग-रागिनियों का विशिष्ट महत्त्व है। यूं तो सृष्टि के कण-कण में संगीत है फिर चाहे यह बहती हुई नदिया की धारा हो या किनारे से टकराकर लौटती समंदर की प्रचंड लहरें।

बहती हुई हवा और उस पर झूमते-लहराते पत्ते भी हृदय के इसी तरंगित साज को अभिव्यक्ति देते प्रतीत होते हैं। कुल मिलाकर संगीत हमारी आत्मा में इस तरह रच-बस चुका है कि इसके बिना जीवन की कल्पना ही व्यर्थ है। बहुत से लोगों को किसी दर्द को कम करने या फिर दर्द से जूझने के लिए भी संगीत सहायक साबित होता है। इससे मानसिक ही नहीं बल्कि शारीरिक दर्द भी कम होता महसूस होता है। आपकी कोमल भावनाओं की सहज, सुन्दर अभिव्यक्ति है, संगीत। इन्हीं पलों को उल्लास के साथ जीने के लिए प्रेरणा देता है विश्व संगीत दिवस।

## राजेन्द्र लाहिरी



### आएंगे जरूर अच्छे लोग

कविता

संभावित निश्चित हार को जानते हुए भी
हर हालात मुश्किलात में भी
सीना तानकर खड़े हो जाना
रही है मेरी फितरत,
न लालच, न झोल, न कोई गंदी हरकत,
सालों साल से लड़ता आया हूं,
न समझना कि फितूर बन छाया हूं,
जातिय अन्याय और अत्याचार बर्दाश्त नहीं,
दिन अभी चढ़ रहा है हो रहा सूर्यास्त नहीं,
मंगल अमंगल की बातें मैं नहीं सोचता,
समझता हूं मानव को मानव नहीं उसे नोचता,
है ताकत जिनके पास शांति उन्हें स्वीकार नहीं,
दूध जब गरम न हो कैसे बन पाएगा दही,
प्यार व मोहब्बत उन्हें यदि अंगीकार नहीं,
खोखले वादे क्यों सुनें हमें भी स्वीकार नहीं,
पीठ पर चलाते गोली सीना क्यों न दागते,
संविधान के अनुच्छेदों से दूर क्यों हो भागते,
सामने खड़ा मिलूंगा हर युग हर काल,
उड़ा देंगे धज्जियां सब लेंगे हम संभाल,
लोकतांत्रिक देश में बना रहेगा लोकतंत्र,
आएंगे अच्छे लोग बुराइयों का करने अंत।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# योग प्राचीन भारत की देन, आधुनिक विश्व की जरूरत आत्मा और शरीर का महासंगम

वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि भारत आदि अनादि काल से ही योग का गढ़ रहा है, करीब 5000 वर्ष पुरानी भारतीय परंपरा से निकली योग की विद्या आज वर्ल्ड वाइस मूवमेंट का हिस्सा बन गई है। आधुनिक दुनियाँ में पूरा विश्व अब योग की अहमियत समझ चुका है व इसका सटीक असर भी दिखाई दे रहा है। इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ?एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग? है। 2025 एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि यह इस वैश्विक उत्सव की 11वीं वर्षगांठहै। इसके अलवा इस वर्ष के उत्सव में 10 हस्ताक्षर कार्यक्रम शामिल हैं, जिनमें प्रमुख कार्यक्रम, 'योग संगम' शामिल है, जो पूरे भारत में 1,00,000 स्थानों पर सामूहिक योग प्रदर्शन प्रदर्शित करता है। अन्य नौ कार्यक्रम हैं योग बंधन, योग पार्क, योग समावेश, योग प्रभाव, योग कनेक्ट, हरित योग, योग अनप्लग्ड, योग महाकुंभ और समयोग। आयुष मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 21 जून 2025 को राष्ट्रीय कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित होगा, जहां पीएम 5 लाख से अधिक प्रतिभागियों के साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) सत्र का नेतृत्व करेंगे। इसके साथ ही, देश भर में एक लाख से अधिक स्थानों पर 'योग संगम' सत्र आयोजित किए जाएंगे, जो इसे इतिहास में सबसे बड़े समन्वित योग प्रदर्शनों में से एक बनाएगा। उन्होंने ह्लयोगआंध्रह्न अभियान - जो राज्य भर में 10 लाख नियमित योग अभ्यासियों का समुदाय तैयार करने की एक महत्वाकांक्षी पहल है। चूँकि एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग सर्वे संतु निरामया यानें सभी रोग मुक्त हों तथा 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर है, विशाखापट्टनम में 5 लाख प्रतिभागियों के साथ पीएम बड़ा कॉमन योग प्रोटोकॉल का नेतृत्व करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस न केवल भारतीय संस्कृति की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है, बल्कि सम्पूर्ण मानवता को स्वास्थ्य, शांति और सामंजस्य की दिशा में एक वैश्विक संदेश भी देता है। योग, जो शरीर, मन और आत्मा



के बीच संतुलन स्थापित करता है, आजआधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न तनाव, रोग और मानसिक असंतुलन का प्राकृतिक समाधान बन चुका है। योग केवल व्यक्तिगत साधना नहीं, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य और सौहार्द की दिशा में एक समवेत प्रयास है। विश्व के कोने-कोने में करोड़ों लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं, जिससे यह दिवस एक वैश्विक जनांदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। इस अवसर पर भारत समेत दुनिया भर में लाखों स्थानों पर सामूहिक योग अभ्यास, कार्यशालाएं औरजनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने हेतु प्रेरित कर रहे हैं। योग दिवस की यह प्रस्तावना हमें आत्म-निरीक्षण, सामूहिक एकता और समग्र स्वास्थ्य की दिशा में बढ़ने का आह्वान करती है। चूँकि योग प्राचीन भारत की देन आधुनिक विश्व की जरूरत, आत्मा और शरीर का महासंगम है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025, एक धरती एक स्वास्थ्य, योग से विश्व कल्याण विश्व शांति और स्वास्थ्य की ओर कदम है, जो रेखांकित करने वाली बात है। साथियों बात अगर हम योग के महत्व की करें तो, योग विश्व को प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है बल्कि आपके मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है। योग के अभ्यास का सम्मान करने और दुनिया भर में इसके लाभों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 21 जून को विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाता है। काम, तनाव, और व्यस्त दिनचर्या के कारण शरीर और दिमाग दोनों थक जाते हैं, ऐसे में हमें अपनी सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी हो जाता है, योग इसी जरूरत को पूरा करने वाला एक प्राकृतिक और आसान तरीका है। साथियों बात अगर हम योग के मकसद की करें तो, आज की तेज रफ्तार जिंदगी में सेहत काख्याल रखना बहुत जरूरी हो गया है, काम की व्यस्तता और तनाव के कारण हम अपने शरीर और दिमाग को सही आराम और ध्यान नहीं दे पाते, ऐसे में योग हमारे लिए एक बहुत बड़ा सहारा बनकर आता है, योग न सिर्फ हमारे शरीर को फिट रखता है बल्कि मन को भी शांत और सुकून देने में मदद करता है। वहां शरीर और दिमाग पर तनाव भी बढ़ गया है, योग इन सभी समस्याओं को कम करने में मदद करता है, इससे शारीरिक बीमारियां दूर होती हैं और मानसिक संतुलन भी बना रहता है, इसलिए विश्व स्तरपर योग दिवस मनाकर योग की अहमियत को बढ़ावा दिया जाता है, इसके साथ ही यह दिन दुनिया को एक साथ लाने और स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने का संदेश भी देता है। योग के फायदे- योग हमारे शरीर को लचीला, मजबूत और स्वस्थ बनाता है, इसके नियमित अभ्यास से हृदय संबंधी रोग, मोटापा, तनाव, चिंता और कई दूसरी बीमारियां दूर रहती हैं. योग मन को शांत करता है और सोचने -समझने की शक्ति बढ़ाता है, साथ ही यह नींद को बेहतर बनाता है और शरीर में ऊर्जा का संचार करता है। इसीलिए योग सिर्फ एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक स्वस्थ लाइफ स्टाइल है। साथियों बात अगर हम 100 दिनों से चल रही योग श्रृंखला की करें तो, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 में 100 दिनों तक चलने वाले दस सिग्नेचर इवेंट यानी प्रमुख कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिन्हें समाज के विभिन्न वर्गों के साथ तालमेल बिठाने और योग को जीवन के समग्र तरीके के रूप में बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। - समावेशिता के लिए योग समावेश से लेकर अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी के लिए योग बंधन तक - ये कार्यक्रम योग को मैट (चटाई) से लेकर आम जनता तक ले जाने के सरकार के रणनीतिक विजन को दशार्ते हैं। दिल्ली, भुवनेश्वर, नासिक और पुदुचेरी में क्रमशः100 दिवसीय, 75 दिवसीय, 50 दिवसीय और 25 दिवसीय आयोजनों की श्रृंखला के प्रति जनता की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया ने मुख्य कार्यक्रम की ओर अग्रसर होने में अहम योगदान दिया है। योग केवल आसन करने और सांस लेने का अभ्यास भर नहीं है - यह जीवन जीने का एक तरीका है, मीडिया के सहयोग से लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को एक ऐसा ऐतिहासिक आयोजन बनाना है, जो लाखों लोगों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित करे और एक स्वस्थ, खुशहाल और अधिक सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में सहायता करे।



गोंदिया

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज की बीपीईएस की फाइनल ईयर की छात्रा निशु प्रजापति ने नेशनल करार्टे चैंपियनशिप में भरी उड़ान

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**



**सहारनपुर/नांगल।** इंद्रप्रस्थ की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने निशु प्रजापति को गांव दूधली जाकर किया सम्मानित

आज इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी सहारनपुर की बीपीईएस फाइनल ईयर की छात्रा निशु प्रजापति का राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में चयन होने पर संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने उसे गांव दूधली में जाकर सम्मानित किया। छात्रा निशु प्रजापति के गांव पहुंची इंद्रप्रस्थ कॉलेज की टीम का उसके परिवार ने स्वागत किया। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने उसके माता-पिता एवं सभी परिवारजनों को उसकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। निशु प्रजापति की माता से बात करते हुए उनकी माता श्रीमती भारती देवी के खुशी के आंसू छलक उठे तथा वह भावुक हो गई। निशु प्रजापति के पिता श्री तेजपाल सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि निशु की मेहनत का नतीजा है तथा उन्होंने संस्था का धन्यवाद प्रकट किया। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने बताया कि निशु प्रजापति हमारी संस्था की बीपीईएस फाइनल ईयर की छात्रा है तथा वह शुरू से ही कराटे एवं अन्य खेलों में उपलब्धि प्राप्त कर चुकी है और उसने कराटे चैंपियनशिप में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर संस्था एवं अपने परिवार एवं गांव का नाम रोशन किया है। निशु प्रजापति के गांव दूधली पहुंचे बीपीईएस विभाग के विभाग अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार,डॉ नेहा त्यागी व आनंद शर्मा ने छात्र निशु प्रजापति को शुभकामनाएं भेंट की।

# 12वे स्थापना दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**बिजनौर झालू।** नगर मे अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के 12वे स्थापना दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे मुख्य अतिथि संगठन के जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, भाजपा झालू मंडल अध्यक्षा चिंकी गुप्ता, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, प्रधान जिला महामंत्री तुषार अग्रवाल, जिला संयोजक रोहित अग्रवाल, युवा जिला अध्यक्ष वासु अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। झालू टीम ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। रक्त दान शिविर में 93 रक्त दाताओं ने रक्त दान कर महादानी बने।बृहस्पतिवार को कस्बा झालू में अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के नगर अध्यक्ष शुभम अग्रवाल के नेतृत्व में पं० गरीबदास ब्राह्मण धर्मशाला (भाजपा मंडल अध्यक्ष कार्यालय) पर अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के 12वे स्थापना दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं के साथ-साथ महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान पुरुष रक्तदाताओ को हेलमेट तथा महिला रक्तदाताओ को पर्स वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट भी दिए गए। रक्तदान शिविर में बिजनौर से आई चैरिटेबल ब्लड सेंटर के स्पर्श भटनागर व उनकी टीम ने अहम भूमिका निभाई। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की झालू टीम ने भाजपा की मण्डल अध्यक्षा चिंकी गुप्ता को पटका देकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। वही मण्डल अध्यक्षा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# तमंचा लहराकर कर रहा था खेल पुलिस ने पड़कर भेज दिया जेल



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** एक युवक के हाथ मे तमंचा लहराना भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर एक युवक के हाथ में तमंचा लेकर लहराने की वीडियो तेजी से वायरल हो रही थी। जिसके संबंध मे थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह संज्ञान लेते हुए उक्त वीडियो में वायरल युवक की तलाश शुरू कर दी। जानकारी करने पर गस्त के दौरान पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी की एक व्यक्ति जिसकी कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ वीडियो वायरल हुई थी वह ग्राम धौलागढ़ के पास वाली नहर की पुलिया पर खड़ा है मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर ग्राम हुकूमतपुर जाने वाले नहर के साथ वाले रास्ते पर एक व्यक्ति को पकड़ लिया। नाम पता पूछने पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम प्रीत कुमार पुत्र पवन कुमार निवासी ग्राम अलीनगर पालनी थाना नूरपुर जनपद बिजनौर बताया। तलाशी में अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 12 बोर नाजायज व एक अदद कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। लाइसेंस ने दिखाने की दशा में अभियुक्त को गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया गया।

# भाजपाईयों ने आयोजित की ग्राम चौपाल ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनकर निराकरण कराया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हर्षवाडा में पंचायत घर पर आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की 11 वर्ष की अभूतपूर्व उपलब्धियों व विकास कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी उन्होने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि आज हमारी डबल इंजन की सरकार क्षेत्र प्रदेश व देश का चहुंमुखी विकास कर रही है हम सबको भी भाजपा के साथ जुड़कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी एवं भारतीय जनता पार्टी का सहयोग करने की अपील की इस अवसर पर जिला सोशल मीडिया प्रमुख डॉ रितेश सैन ने कहा कि आज देश के प्रति व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव का मिल रहा है पहले की सरकार में समाज के साथ जाति धर्म के आधार पर भेदभाव होता था लेकिन आज हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के आधार पर काम कर रही है शक्ति केंद्र संयोजक समीर अहमद ने अपने क्षेत्र की समस्या रखते हुए बताया कि 2 दिन पूर्व बिजली का एक ट्रांसफार्मर खराब हुआ तथा तेज हवा चलने से कुछ खंबे टूट गए हैं जिस पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं चौधरी ईशम सिंह,डा रितेश सैन,अभय रघुवंशी ने चौपाल में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खन्ड नजीबाबाद से फोन पर बात करके तुरंत ट्रांसफार्मर लगवाने एवं बिजली की समस्या को दूर करने के लिए कहा अधिशासी अभियंता ने चौपाल में ही बिजली विभाग के अवर अभियंता एवं संबंधित स्टाफ को भेजा जिन्होंने सरकार की नीति के अन्तर्गत 24 घंटे में ट्रांसफार्मर लगवाने एवं टूटे खाबो को शीघ्र लगवाने का आश्वासन दिया इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष अमजद अहमद के साथ बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने भाग लिया जिनमें मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष अभय रघुवंशी,मनोज राठी, शाकिर अहमद, फहीम अहमद,फरीद अहमद,फकरे आलम,सदस्य क्षेत्र पंचायत अमजद अहमद, इरफान अहमद, नौशाद,अजमल, तौसीफ,अन्सार, इम्तियाज खान,,वासिफ, लियाकत अली, शहजाद, शाकिर, गुलाम अली आदि उपस्थित रहे ।

# खण्ड विकास अधिकारी द्वारा जनसमुदाय से सहयोग की अपील की गयी



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर-खण्ड विकास अधिकारी राजबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा विलुप्त हो रही नदियों को पुनर्जीवित करने के कार्य को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया है, जिसके क्रम में वर्ष 2024-25 में जनपद की पौराणिक नदी मालिनी (जिसका अपभ्रंश रूप मालन है) के पुनरुद्धार के लिए कुछ कार्य तत्कालीन जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल के मार्गदर्शन में कराया गया था किन्तु मालन नदी की धारा बदलने के कारण कार्य अपेक्षित गति से नही हो पाया। उन्होंने बताया कि मा० मण्डलायुक्त महोदय व जिलाधिकारी द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए ग्राम्य विकास, राजस्व विभाग पंचायत राज विभाग एवं सिंचाई विभाग को आपस में समन्वय करते हुए मालन नदी को सदा नीरा एवं अविरल जल प्रवाह वाली बनाने के लिए कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अन्तर्गत विकास खण्ड नजीबाबाद की 27, किरतपुर की 07 एवं मौ०पुर देवमल की 14 ग्राम पंचायतों में कार्य वर्ष 2025-26 में लिया गया है।

# युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सेवायोजन विभाग द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत जनपद के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सेवायोजन विभाग द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 24 जून, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सिविल लाइन्स, शाहबाद गेट स्थित मदीहा इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नॉलोजी में किया जायेगा। रोजगार मेले में पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, प्रयाण ग्लोबल सर्विसेज एवं अवसर एचआर सर्विसेज कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सेवायोजित हो सकते है। प्रतिभागी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। साक्षात्कार के समय अपना एक सीवी, फोटो एवं समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आवश्यक है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर बेरोजगार अभ्यर्थी का पंजीयन होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग हेतु अपनी योग्यतानुसार अपना पंजीयन अवश्य कराएं तथा मेले में शामिल होने वाली किसी भी कम्पनी पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला पूर्णतया निःशुल्क है। यदि कोई भी कम्पनी अभ्यर्थियों से कॉल/एसएमएस के माध्यम से कोई फीस या धनराशि की मांग करती है तो किसी भी तरह का भुगतान न करें।इस हेतु यात्रा-भत्ता देय न होगा।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा अनु कुमारी का एमबीबीएस में चयन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नहटौर :** नीट यूजी 2025 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा अनु कुमारी का एमबीबीएस के लिए चयन हो गया है जिस पर उसके परिवार व स्कूल स्टाफ में खुशी की लहर है अनु कुमारी पुत्री खूब सिंह निवासी ग्राम नरगदी नवादा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है अनु ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया लेवल पर 16303 व जनरल कैटेगरी में 6859 रैंक प्राप्त की है। हर वर्ष ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्रा किसी न किसी क्षेत्र में चयनित होकर अपने परिवार, स्कूल, गांव व जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के चेयरमैन ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आर.एस.एम. कॉलेज में योग शिविर के तृतीय दिन पौधरोपण किया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**धामपुर :** शासन के निदेशानुसार 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर एस एम कॉलेज धामपुर बिजनौर में प्राचार्य प्रो रश्मि शर्मा रावल के मार्गदर्शन एवं डॉ रवि धनकड़ के नेतृत्व में साप्ताहिक योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कॉलेज के शिक्षक, छात्र-छात्राएं और समाज के अन्य सदस्य भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभा रहे है। योग प्रशिक्षण का दायित्व योगाचार्य डॉ. श्रीराम चौहान द्वारा निभाया गया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका सहित आठ प्रकार के प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा उनके लाभों पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम के तृतीय दिवस पर हरित भविष्य के लिए पौधे लगाएं, स्वस्थ जीवन के लिए योग अपनाएं थीम के अंतर्गत योगाभ्यास के साथ-साथ कॉलेज में लगे पौधों को सिंचित किया गया और साथ ही पौधरोपण भी किया गया, जिससे छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न हो। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने अपने संबोधन में कहा, ल्इस योगाभ्यास कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के प्रति सजगता लाने का प्रयास किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि योग न केवल एक दिन की गतिविधि रहे, बल्कि यह छात्रों की दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बन जाए। कार्यक्रम में डॉ रामकुमार सिंह, डॉ मदनपाल, डॉ राधारानी, सुभाष देवरा, सुंदर बिष्ट, कैलाश, ललतेश यादव, यशपाल, पवन कुमार, विधि, वेदान्त आदि का विशेष योगदान रहा।

# पंतजलि योगपीठ द्वारा अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस का आरम्भ वासुदेव अरोड़ा ने किया

**वेलकम इंडिया**



**फरीदाबाद।** आज पंतजलि योगपीठ द्वारा चार दिवसिए अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस का आरम्भ योगगुरू सतीश वधवा ने ओम नमो योग पार्क सैक्टर 7 सी में हुआ जिसमें समाजसेवी वासुदेव अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने ज्योति प्रज्वलित करके योग शिविर का शुभारम्भ किया। वासुदवे अरोड़ा ने कहा कि माननीय प्रध्धनमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण 21 जून को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया तब से योगगुरू सतीश वधवा ने इसी पार्क में समाज को योग के प्रति जागरूक करना आरम्भ किया जो कि आज के विशाल रूप ले चुका है औश्र रोज सुबह सैंकड़ों की तादात में लोग योग करने व सीखने आते हैं। उन्होंने कहा कि अंर्तराष्ट्रीयोग दिवस पर पंतजलि योगपीठ यहाँ विशाल योग शिविर लगाते हैं तथा मुझे विधिवत तरीके से इसका शुभारम्भ करने का अवसर देते हैं जिसके लिये मैं इनकी पूरी टीम का आभारी हूँ। योगगुरू सतीश वधवा ने कहा कि अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की 11वीं वर्षगांठ है जिसकी थीम है एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योग तथा इस वर्ष का आयोजन समग्र कल्याण और पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। इस मौके पर बहुत योगभक्तों ने भाग लिया और योग का लाभ लिया।

# योग केवल एक दिन करने की चीज नहीं है, इसे तो दिनचर्या में शामिल करने जरूरी हरीश गंगवार

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



रामपुर। प्रतिदिन की तरह जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने अपने निवास स्थान नर्मदा मंदिर पर योग किया साथ ही साथ जन समस्या लेकर आए कार्यकताओं को भी साथ में योग कराया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने योग और योग दिवस के बारे में कहा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की शुरूआत 21 जून 2014 से हुई लेकिन इसका इतिहास पांच हजार वर्ष से भी पुराना है। ऋग्वेद के दसवें मंडल के अनुसार हिरण्यगर्भ को योग का उत्पत्तिकर्ता माना गया है।। इस साल योग दिवस की थीम योगा फॉर वन हेल्थ, वन अर्थ रखी गई है। जिसका अर्थ है एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग। पूरे विश्व के साथ देश में एक बार फिर से योग के प्रति लोगों में जागरूकता आई है।। अपने शहर के युवा भी योग के दक्ष साधक है। जिला से लेकर मंडल और प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। हरीश ने कहा कि योग के माध्यम से हम अपने आप से जुड़ते हैं और अपने जीवन को सफल बनाते हैं।। योग अब सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि लोगों की दिनचर्या और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।। अगर सही तरीके से और नियमित रूप से योग किया जाए तो कई बीमारियों से बिना दवा के भी निजात पाई जा सकती है। योग केवल एक दिन करने की चीज नहीं है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में मोहर्रम कावड़ यात्रा आदि आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे मोहर्रम, कांवड यात्रा आदि आगामी त्यौहारों को शांति पूर्ण सम्पन्न कराएं जाने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिला प्रशासन मोहर्रम कावड़ यात्रा सहित सभी त्योहारों को पूर्ण रूप से शांतिपूर्वक सुव्यवस्थित और सौहार्द शांतिपूर्णवातावरण में संपन्न करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसके लिए सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने कहा कि उक्त त्योहारों सहित किसी भी त्यौहार में किसी भी व्यक्ति को नई परंपरा डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी, पूर्व की भांति ही सभी परंपराओं का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आज की बैठक में जन सामान्य द्वारा उठाए गए प्रकरणों को त्योहार से पहले निस्तारित करना सुनिश्चित करें ताकि त्योहार के समय किसी भी प्रकार की असुविधा एवं अशांति का माहौल उत्पन्न होने पाए। उन्होंने उपस्थित विभिन्न धार्मिक गुरुओं एवं बुद्धिजीवी व्यक्तियों का आह्वान किया कि सभी त्योहारों को आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं और सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट शेयर न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं को ठेस लगे और उसके कारण जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था को कोई नुकसान पहुंचे। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के मुख्य मार्गों जिन पर कांवड़ यात्रा एवं मोहर्रम जुलूस गुजरते हैं, उन सभी मार्गों पर स्थित धार्मिक स्थलों पर शत प्रतिशत सीसीटीवी कैमरे लगाना व उनकी मॉनिटरिंग करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने बिजली विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ताजिये एवं कांवड़ यात्रा वाले मार्गों का गहनता के साथ निरीक्षण करें तथा मार्गों पर स्थित सभी बिजली ट्रांसफॉर्मों की बैरिकेटिंग करवाना सुनिश्चित करें साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि उन मार्गो पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था तथा जर्जर तारों को बदलना एवं नीचे लटकी तारों को त्योहार से पहले ठीक करना सुनिश्चित करें।उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के मुख्य मार्गों पर स्थित सामुदायिक शौचालय की ससमय साफ-सफाई कराएं तथा उनकी सूची बनाकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी तथा सीओ एवं थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में ताजिए के जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर लें, वहां पर ड्यूटी लगा दें तथा मुख्य जुलूस वाले दिन आवश्यकता अनुसार रोड डायवर्जन कर दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा से जुड़े अधिकारी आवंटित क्षेत्र का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके रास्ते में कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाए।

# नौसिखिए कर रहे अल्ट्रासाउंड, मरीज को गलत रिपोर्ट थमाई

**वेलकम इंडिया**




**बुलंदशहर**। जहांगीराबाद नगर में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर नौसिखिये जांच कर रहे हैं। जांच की उल्टी सीधी रिपोर्ट निकालकर मरीजों को थमाई जा रही है और स्वास्थ्य विभाग इससे बिल्कुल अंजान है। गुरुवार को ऐसा ही एक मामला जहांगीराबाद के एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर देखने को मिला। जहां एक मरीज ने गलत रिपोर्ट दिए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। वहीं मामले की शिकायत पर सीएमओ० ने एक जांच टीम बनाकर अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच करने के लिए भी भेजी। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। प्राप्त विवरण नुसार नगर निवासी जगदीश गुप्ता ने पेट में दर्द की शिकायत के चलते बीती 11 जून को जहांगीराबाद स्थित सुरभि अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अल्ट्रासाउंड करवाया था। अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में आई मामूली कमियों के आधार पर नगर के ही एक निजी चिकित्सालय में जगदीश का इलाज शुरू हुआ। लेकिन आराम न मिलने पर जगदीश ने दो दिन बाद बुलन्दशहर के एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अपना पुनः अल्ट्रासाउंड करवाया। जिसकी रिपोर्ट देखकर उसके होश उड़ गए। रिपोर्ट में इस बार गुर्दे में एक गांठ और मूत्र नली में एक पथरी फंसी आई। जिसके बाद पीड़ित गुरुवार को अपने भतीजे के साथ अल्ट्रासाउंड सेंटर पहुंचा और सेंटर पर तैनात डॉक्टर पर मरीजों की जान से खिलवाड़ का आरोप लगाया। वहीं सेंटर पर मौजूद डॉक्टर आरोपों को नकारते रहे। हंगामे से अल्ट्रासाउंड कराने आये बाकि मरीजों ने भी अपने रुपये वापस मांगने शुरू कर दिए।

# दादा की लाइसेंसी पिस्टल से नाबालिग पोते ने की आत्महत्या



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर**: दादा की लाइसेंसी पिस्टल से नाबालिग पोते ने की आत्महत्या। कनपटी पर गोली मारकर 17 वर्षीय बी-टैक के छात्र वैदिक बंसल ने समाप्त की जीवनलीला। घर की छत पर पड़ा मिला वैदिक का गोली लगा शव, आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं। पंचायतनामा की कार्रवाई बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा मृतक छात्र का शव। पुलिस ने घटना स्थल से मृतक के दादा की लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद की।

# उद्यमियों की नाराजगी के बाद मुख्य अभियंता पहुंचे रिफायनरी विद्युत उपकेंद्र, दिए तत्काल समाधान के निर्देश

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा**। साइट-बी औद्योगिक क्षेत्र, मथुरा में लगातार हो रही बिजली कटौती, ट्रिपिंग और बिना सूचना के शटडाउन जैसी समस्याओं को लेकर उद्यमियों में गहरी नाराजगी व्याप्त थी। हाल ही में विद्युत विभाग अधिशासी अभियंता के साथ रिफाइनरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों और उद्यमियों की बैठक हुई। बैठक में नियमों को निर्धारित किया गया था, उनका अगले ही दिन उल्लंघन हो गया। जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई। इस नाराजगी को शांत करने और वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) मथुरा के मुख्य अभियंता स्वयं रिफायनरी विद्युत उपकेंद्र पहुंचे और मौके पर उपस्थित अधिशासी अभियंता व उपखंड अधिकारी को सख्त निर्देश दिए। उद्यमियों को किसी भी हाल में विद्युत समस्या का सामना न करना पड़े, समाधान तत्काल प्रभाव से किया जाए। 11000 वोल्ट की लाइन में लगे सभी फ्यूजों को डायरेक्ट करने के निर्देश, जिससे बार-बार फ्यूज उड़ने से आपूर्ति बाधित न हो। उपकेंद्र पर लगी ट्रिपिंग डिवाइसेज को अपग्रेड करने का निर्देश, ताकि ट्रिपिंग की समस्या कम हो सके। संगठन से आग्रह किया गया कि जिन उद्यमियों के पास उच्च भार वाले कनेक्शन हैं, वे अपनी डीसीबी (डिस्ट्रीब्यूशन कंट्रोल बॉक्स) अपडेट कराएं, ताकि फॉल्ट की संभावना घटे। बैठक में रिफाइनरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, उपाध्यक्ष भगत सिंह पटेल, एवं प्रमुख उद्यमीगण- रवि राजपूत, प्रदीप पम्मानी, प्रवीण मित्तल, मयंक गोयल, कमलजीत सिंह, हरेंद्र चौधरी, उमेश मित्तल, संजय पांडे, धीरज गर्ग, अमित बंसल, निक्की बंसल, प्रफुल्ल गोयल, प्रद्युम्न सिंघल, तन्मय सिंघल एवं प्रदीप गौतम उपस्थित रहे। रिफाइनरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने मुख्य अभियंता के इस सक्रिय हस्तक्षेप की सराहना की है और आशा जताई है कि इससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में स्थायित्व एवं सुधार आएगा।

# ब्रह्मर्षि योग सम्राट देवरहा बाबा का त्रिदिवसीय 35 वां वार्षिक पुण्यतिथि महोत्सव 21 जून से



**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**

**वृन्दावन**। यमुना पार स्थित देवरहा बाबा समाधि स्थल पर ब्रह्मर्षि योग सम्राट देवरहा बाबा का त्रिदिवसीय 35 वां योगिनी एकादशी वार्षिक पुण्यतिथि महोत्सव आश्रम के अध्यक्ष ब्रह्मर्षि देवदास महाराज (बड़े सरकार) के पावन सानिध्य में 21 से 23 जून 2025 पर्यन्त अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि महोत्सव का शुभारभ 21 जून को पूर्वाह्न 10:30 बजे से पूज्य बाबा के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया जाएगा।तत्पश्चात विराट संत-विद्वत सम्मेलन आयोजित होगा।जिसमें कई प्रख्यात संत, विद्वान और धमार्चार्य आदि भाग लेंगे।इसके अलावा दोपहर 12 बजे महंतों का सम्मान होगा। 22 जून को देश-विदेश से आए असंख्य भक्तों-श्रृद्धालुओं के द्वारा ब्रह्मर्षि योग सम्राट देवरहा बाबा की प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पंचामृत से महाभिषेक कर पूजन-अर्चन किया जाएगा। साथ ही हरिनाम संकीर्तन व सत्संग आदि के कार्यक्रम होंगे। 23 जून को पूर्वा 11 बजे से संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आयोजित होगा।जिसमें असंख्य व्यक्ति भोजन प्रसाद ग्रहण करेंगे।

# नवागत प्रभारी निरीक्षक रंजना सचान ने लिया बलदेव में चार्ज

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/बलदेव**। इंस्पेक्टर श्रीमती रंजना सचान को थाना बलदेव का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।चार्ज लेने के बाद उन्होंने बताया कि

उच्च अधिकारियों के निदेर्शों का पालन करते हुए थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्त को बढ़ाया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि उनका मुख्य लक्ष्य आम जनता में विश्वास और अपराधियों में भय का माहौल बनाना है। थाने में आने वाले परिवादियों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका समय पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि थाना क्षेत्र में कहीं भी कोई अपराध होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस मौके पर पहुंचकर तुरंत कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण,शांति व्यवस्था कायम रखना व नागरिकों के बीच पुलिस की बेहतर कार्य कुशलता व छवि प्रस्तुत करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। स्थानीय व्यापारी नेता मनीष बंसल,आचार्य मनीष गगार्चार्य,युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा,गोकुलेश सविता आदि ने नवागत प्रभारी निरीक्षक का सम्मान कर बधाई दी।

# बिहारी जी सेवायतों के पक्ष में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा**। वृंदावन में श्रीबांकेबिहारी मंदिर परिसर में प्रस्तावित कॉरिडोर निर्माण का अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने विरोध किया है। महासभा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत सारस्वत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंदिर पहुंचकर गोस्वामी समाज को अपना लिखित समर्थन सौंपा। दुष्यंत सारस्वत ने कहा कि कॉरिडोर किसी भी कीमत पर नहीं बनने दिया जाएगा। वृंदावन की पारंपरिक कुंज गलियों और धार्मिक स्वरूप को नष्ट करने वाली किसी भी योजना का हम डटकर विरोध करेंगे। आवश्यकता पड़ी तो हम इसके लिए बलिदान देने से भी पीछे नहीं हटेंगे। महानगर अध्यक्ष श्याम कुमार और उपाध्यक्ष आचार्य दीपक गोस्वामी ने भी कड़े शब्दों में विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को कॉरिडोर बनाना ही है तो इसकी शुरूआत गोरखपुर से की जानी चाहिए। वृंदावन की व्यवस्था में बाहरी हस्तक्षेप से पंडा-पुजारी परंपरा को खतरा है और गैर-जाति के लोगों को पूजा का अधिकार देना पूरी तरह अनुचित है। इस विरोध के साथ ही यह स्पष्ट कर दिया गया कि 23 जून को होने वाले प्रांतीय अधिवेशन में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। अधिवेशन में प्रदेशभर के प्रतिनिधि शामिल होंगे और सरकार तक विरोध की आवाज पहुंचाई जाएगी। प्रदर्शन के दौरान मोहन बल्लभ शर्मा, जतिन मिश्रा, मनोज कृष्ण शास्त्री, गिरधर शर्मा, श्यामदेव शांडिल्य सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा की नूरपुर मंडल कार्य समिति घोषित

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर** : भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी की संस्तुति पर जनपद में मंडल कार्य कमेटी घोषित की गई। नूरपुर नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल के निर्देशन में नूरपुर मंडल की टीम मे मंडल उपाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह रवि, गजेंद्र सैनी, प्रदीप चौधरी, जीतू भुइयार, प्रेमोहन सिंह, गुरवेंदर सिंह, मंडल महामंत्री वीर प्रकाश सिंह भुइयार, सुधीर चौहान, मंडल मंत्री राहुल यादव, राजेश चौहान, सुरेंद्र पाल सिंह, सतीश कुमार, सरौता सिसोदिया, मंडल कोषाध्यक्ष भावना जोशी मनोनीत किया गया। साथ ही आशा व्यक्त की कि यह पार्टी के लिए ईमानदारी और कर्मठता से कार्य कर पार्टी के जनाधार को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

# नाले में फंसे गौवंश को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला

बुलंदशहर अनूपशहर नगर में नाले में गिरने से फंसे बेसहारा गौवंश को पालिका कर्मियों व स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद गौवंश को बाहर निकाला।

नगर में घूम रहे बेसहारा पशु आए दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं। गुरुवार की दोपहर नगर के मुस्लिम बस्ती मुहल्ला देहली गेट में एक बेसहारा गौवंश नाले गिरने से फंस गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना नगर पालिका में घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे पालिका कर्मियों व स्थानीय लोगों ने नाले में उतरकर बेसहारा गोवंश को निकालने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद रस्सियों की मदद से बेसहारा गौवंश को नाले से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# विश्व ब्राह्मण संघ यूपी उपाध्यक्ष पं० गोपाल शर्मा ने परिवार सहित गंगा स्नानकर किए हनुमान जी के दर्शन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



**हापुड़ ! गढ़मुक्तेश्वर** विश्व ब्राह्मण संघ यूपी उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा तीर्थ स्थल ब्रजघाट गंगा स्नान करने परिवार जनों सहित पहुचें !और परिवार जनों सहित गंगा स्नानकर बड़ा हनुमान मंदिर में पूजा पाठ कर हनुमान जी की हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती कर प्रसाद का भोग लगाया इसके अलावा वेदांत मंदिर परिसर में पहुंचकर श्री राधा कृष्ण जी को पुष्प अर्पित किए यूपी उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि पश्चिम यूपी की तीर्थ गंगा नगरी में संध्या के समय लाइट नहीं जल रही मंदिर परिसर में अंधेरा घाटों और सड़कों पर गंदगी नगर पालिका गढ़मुक्तेश्वर और यूपी सरकार के विकास के दावे खोखले साबित हुए जबकि केंद्र सरकार नमामि गंगे योजना पर करोड़ों रुपये खर्च करने की बात करती हैं और धरातल पर कुछ भी नहीं है ! सुलभ शौचालयों में गंदगी और महिला श्रद्धालू ओ से शुल्क वसूला जा रहे जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है विश्व ब्राह्मण संघ यूपी तीर्थ स्थल ब्रजघाट में फैली अव्यवस्था और श्रद्धालूओ की होने वाली परेशानियों की घोर निंदा करता है।

# कल्याण सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज, बुलंदशहर में नशा विरोधी पखवाड़ा आयोजित

**बुलंदशहर**। कल्याण सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज, बुलंदशहर में नशा विरोधी पखवाड़ा (12 से 25 जून 2025) के अंतर्गत 19 जून 2025 को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. मनीषा जिंदल के नेतृत्व में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर सामुदायिक चिकित्सा विभाग एवं मनोरोग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में डॉ. विवेक गुप्ता (सह-प्राध्यापक, मनोरोग विभाग) एवं डॉ. सौरभ शर्मा ने छात्रों को मादक पदार्थों के दुरुपयोग से संबंधित जानकारी प्रदान की।

# नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत मायके पक्ष के लोगों ने लगाया हत्या का आरोप

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़/थाना हापुड़ देहात क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में एक नव विवाहिता की सोते समय संदिग्ध हालत में हुई मौत को लेकर मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा करते हुए लगाया हत्या का आरोप। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक नव विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच की शुरू। गौरतलब रहे कि बुलंदशहर के रसूलपुर निवासी दो सगी बहनों की शादी दो माह पूर्व थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव काठी खेड़ा निवासी दो सगे भाइयों के साथ हुई थी। जिसके चलते बुधवार की देर रात्रि में सभी परिजन खाना खाकर सो गए थे।जब गुरुवार की सुबह उठकर देखा तो एक नव विवाहिता संदिग्ध परिस्थिति में बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ी मिली। जिसे देखकर परिवार में हड़कंप मच गया। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा एवं थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर सभी पहलुओं से मामले की जान शुरू कर दी है। वही मौके पर पहुंचे नव विवाहिता के मायके वालों ने पिछले कुछ दिनों से पति-पत्नी में चल रहे। विवाद को लेकर हत्या का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# गुणवत्तापूर्ण शिकायत समाधान कर अधिकतम परिवादियों को करें संतुष्ट: डीएम

वेलकम इंडिया




**धौलपुर राजस्थान** । जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में अटल सेवा केन्द्र में किया गया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे प्रकरणों का प्राथमिकता से त्वरित निस्तारण करायें जिससे परिवादियों की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राजकीय कार्यालय में शिकायत समाधान पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी अधिकारी सम्पर्क पोर्टल 2.0 पर लंबित परिवादों का प्रतिदिन नियमित फॉलोअप करें। प्राथमिकता से यथासंभव परिवादो का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक सुनिश्चित किया जाए।

जिला कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान, अतिक्रमण हटवाने, विद्युत कनेक्शन, राजस्व, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए जिनका शीघ्र निस्तारण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में परिवादी राजकुमार द्वारा राजाखेड़ा वार्ड संख्या 11 के आवासीय भूखण्ड को नगरपालिका राजाखेड़ा से भूमि रूपान्तरण कराने व पट्टा प्राप्त करने के लिए परिवाद प्रस्तुत किया। जिस पर जिला कलक्टर द्वारा अधिशाषी अधिकारी राजाखेड़ा को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। परिवादी रामाबाई ग्राम नगलादानी द्वारा अपने खेत में दंबगों द्वारा फसल न करने एवं धमकियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु परिवाद प्रस्तुत किया। जिस पर उन्होंने उपखण्ड अधिकारी बाड़ी को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। परिवादी राममूर्ति व अन्य द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 3 हेतु अवाप्त भूमि के मुआवजा के लिए परिवाद प्रस्तुत किया। जिस पर जिला कलक्टर द्वारा भूमि अवाप्ति अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। लक्ष्मीनारायण ग्राम पीतम का पुरा द्वारा आधार कार्ड में नाम दुरुस्त कराने हेतु परिवाद प्रस्तुत करने पर विकास अधिकारी पंचायत समिति धौलपुर को आधार कार्ड में शीघ्र अपडेट करवाने हेतु निर्देश प्रदान किए।

# क्या प्रेम एक दिव्य वरदान है.....? क्या प्रेम का अर्थ महज एक ही छत के नीचे रहना है?



काजल चौधरी गजल

रोज-रोज साथ वक़्त बिताना है? नहीं, सच्चा प्रेम इसकी सीमाओं से परे होता है, कभी-कभी कोई एक व्यक्ति मीलों दूर रहकर भी हमारे हृदय के सबसे कोमल कोने में चुपचाप अपना बसेरा बना लेता है न मुलाकात होती है, न छुअन फिर भी मन उसी के लिए हर रोज अधीर हो उठता है, ये दूरी का प्रेम सरल नहीं होता, इसमें केवल कुछ मीठे संवाद या क्षणिक रुठना-मनाना नहीं होता, इसमें होता है त्याग, मौन में छुपा दर्द और अडिग विश्वास, इस रिश्ते को निभाने के लिए हर दिन अपने भीतर के स्वार्थ को थोड़ा-थोड़ा जलाना पड़ता है, अपनी इच्छाओं, अपेक्षाओं से संघर्ष करना पड़ता है, फिर भी दिन ढलते-ढलते जब आँखों पर नींद उतरने लगती है, तब दिल के आँगन में वही दूर बैठा चेहरा तैरने लगता है.... तब प्रेम केवल आकर्षण नहीं रह जाता वह बन जाता है एक आदत, एक संबल आधी रात जब नींद टूटी तो सबसे पहला सवाल मन में उठता है ₹वह ठीक तो है न?₹ बिना वजह का डर, एक अनदेखी टीस दिल को हल्के से चुभ जाती है, यही टीसें गवाही देती हैं कि प्रेम न दूरी देखता है, न समय वह तो गहराई में साँस लेता है.... कभी-कभी दो लोग ऐसे हालात में जीते हैं जहाँ उनके बीच एक ₹नक्षत्र दूरी₹ होती है, असीम फासला जिसे छूपाना संभव नहीं.... फिर भी वे प्रेम करते हैं, हर दिन दिल से एक-दूसरे को खोजते हैं, मौन की भाषा में संवाद करते हैं...... इस प्रेम में रोज की मुलाकातें नहीं होतीं, न साथ में सिनेमा देखना होता है, न हाथ थामे टहलने के क्षण मिलते हैं। पर हर बूँद आँसू की, हर साँस की प्रतीक्षा, हर मौन में दबी ₹ख़्याल रखना₹ की पुकार यही इस प्रेम को जीवित रखते हैं। जो इस प्रेम को जीते हैं, वे जानते हैं प्रेम उपस्थिति नहीं, बल्कि अनुपस्थिति में भी गहरे अपनापन जीने का नाम है.... ये रिश्ते भले ही दुर्लभ होते हैं, पर जो इन्हें जीते हैं उनके लिए ये एक दिव्य वरदान बन जाते हैं।

# धरा धाम प्रमुख संत डॉ. सौरभ पाण्डेय की पहल पर मौनानुभूति शिविर

नई दिल्ली।



धरा धाम इंटरनेशनल के प्रमुख एवं सर्वधर्म सद्भाव आंदोलन के अग्रदूत सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पाण्डेय की प्रेरणा से भस्मा डवरपार में जुलाई के प्रथम सप्ताह से एक विशेष ह्लमौनानुभूति शिविरह्व का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. सौरभ पाण्डेय ने प्रेसवार्ता में बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है मौन के माध्यम से आत्मचिंतन, मानसिक शांति एवं सर्वधर्म समरसता की भावना को जाग्रत करना। यह शिविर धर्म, जाति या वर्ग से परे हर व्यक्ति के लिए आत्मिक अनुभव का अवसर प्रदान करेगा।

शिविर आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं शिक्षाविद् डा. एहसान अहमद ने बताया कि यह शिविर संत डॉ. पाण्डेय द्वारा विकसित एक अभिनव ध्यान प्रक्रिया पर आधारित है, जिसे ह्लमौनानुभूतिह्व कहा जाता है। यह प्रक्रिया साइलेंस थेरेपी पर आधारित है, जो व्यक्ति को तनाव, अवसाद, अनिद्रा व मानसिक अशांति से मुक्ति दिलाने में सहायक होती है और आंतरिक शक्ति और संतुलन प्रदान करती है। इस ध्यान प्रक्रिया की विशेषता यह है कि इसमें कोई मंत्र, जाप या धार्मिक आडंबर नहीं, बल्कि मौन के माध्यम से भीतर उतरने की एक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक विधि सिखाई जाती है। धरा धाम इंटरनेशनल का यह प्रयास केवल गोरखपुर या भारत तक सीमित नहीं, बल्कि यह वैश्विक मंच पर सर्वधर्म सद्भाव और आंतरिक शांति का प्रेरक संदेश बनकर उभर रहा है। आज के अशांत मानव मन को भीतर की शांति से जोड़ने की दिशा में यह शिविर एक क्रांतिकारी पहल सिद्ध हो सकता है।

# 12वाँ बालिका आत्मरक्षा योग शिविर में प्रशिक्षकों ने बालिकाओं को योग एवं आत्मरक्षा कराटे, दण्ड लाठी व शूटिंग का प्रशिक्षण


वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार




हापुड़ जनपद के आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के परिसर में क्रीड़ा भारती एवं भारत विकास परिषद ह्लमाधवह्व हापुड़ द्वारा आयोजित 12वाँ बालिका आत्मरक्षा- योग शिविर में प्रशिक्षकों ने बालिकाओं को योग एवं आत्मरक्षा के लिए कराटे, दण्ड लाठी व शूटिंग का प्रशिक्षण दिया। भारत विकास परिषद ह्लमाधवह्व की महिला सहभागिता नीलम खुराना ने कहा कि आज के इस अराजकता भरे युग में पग पग पर जहां महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस करती है अतः उन्हें सेल्फ डिफेंस हेतु भी जागरूक होना पड़ेगा इसी तारतम्य में हम यह शिविर लगा रहे है। दण्ड (लाठी) की प्रशिक्षिका राशि कंसल व तुषार ने लाठी प्रशिक्षण में लाठी के बेसिक नियम लाठी घुमाना, लाठी चलाना, लाठी के ट्रिक, लाठी से लड़ने की कला, एक हाथ से लाठी चलाना, दोनों हाथों से लाठी चलाने का प्रशिक्षण दिया गया और बताया की दण्डयुद्ध एक प्राचीन भारतीय मार्शल आर्ट है जिसमें बाँस की लाठी का उपयोग हथियार के तौर पर किया जाता है। इसमें प्रतिद्वन्दी को दूर भगाने के लिये ताकत तथा कला का प्रयोग किया जाता है। आत्मरक्षा के अतिरिक्त इसका प्रयोग अनुशासन, सहयोग तथा आत्मनियन्त्रण का विकास करने के लिये भी किया जाता है। सेल्फ डिफेंस की संयोजिका नीलम गुप्ता ने कहा की इस शिविर में बालिकाएँ निःयुद्ध (कराटे) और दण्ड युद्ध (लाठी चलाने) का अभ्यास कर रही हैं। शिविर में बालिकाएँ शारीरिक व बौद्धिक प्रशिक्षण के साथ विभिन्न राष्ट्रीय सामाजिक व संगठनात्मक विषयों पर चर्चा, उद्बोधन व कार्यक्रमों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। सेल्फ डिफेंस के प्रशिक्षक रोहताश सिंह व गीतिका सिंह ने कहा कि लड़कियों को डांस क्लास की जगह मार्शल आर्ट में कराटे एवं लाठी का प्रशिक्षण अनिवार्य कर देना चाहिए। इस शिविर में भारत विकास परिषद ह्लमाधवह्व हापुड़ से अध्यक्ष सुभाष खुराना, सचिव नरेश गर्ग, महिला सहभागिता नीलम गर्ग व क्रीड़ा भारती के ज़िला संरक्षक ब्रिजेश गर्ग, ज़िला कोषाध्यक्ष आशीष गर्ग, ज़िला मंत्री मनप्रीत खैरा, सुनीता स्वामी, अनिल स्वामी, नगर अध्यक्ष गौरव गोयल, गुंजन गर्ग, वर्षा गर्ग, प्रीति वर्मा, मनोज अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, निशांत अग्रवाल, परवीन कुमार, मयंक, सुभाष चंद सैनी, अंकुश चौधरी आदि लोग उपस्थिति रहे।

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, चेकिंग के दौरान एक कार से भारी मात्रा में विदेशी मदिरा बरामद

वेलकम इंडिया




**मथुरा**। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह ने रिफाइनरी थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए तस्करी के बड़े नेटवर्क पर करारा प्रहार किया है। आबकारी निरीक्षक निहांत यादव के नेतृत्व में आबकारी टीम द्वारा बरारी रोड के पास चेकिंग के दौरान एक कार से शराब की तस्करी करते हुए शराब तस्कर राहुल शर्मा और राजा को मौके पर दबोचा गया। तलाशी के दौरान तस्करों के पास से हरियाणा राज्य में विक्रय हेतु मान्य रॉयल स्टैग ब्रांड की 156 बोतल और 202 हाफ अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत ?2.00 लाख है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह शराब हरियाणा से मुजफ्फरपुर (बिहार) भेजी जा रही थी। जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह ने बताया शराब तस्करों पर हमारी नजर लगातार बनी हुई है।

किसी भी हाल में अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई शराब माफियाओं के लिए सीधी चेतावनी है। विभाग ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान और भी तेज किया जाएगा।

# प्रदेश की युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम, 60244 पुलिस भर्ती के निर्णय ने युवाओं में भरा विश्वास, डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने जताया आभार



वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**हाथरस** । भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों से संबंधित सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण अभियानों की जानकारी दी, तथा प्रदेश में इन अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। इसके साथ ही डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रदेश के युवाओं को रोजगार अवसर उपलब्ध कराने हेतु हाल ही में घोषित 60,244 पुलिस भर्ती प्रक्रिया के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह अभूतपूर्व भर्ती प्रक्रिया प्रदेश के लाखों युवाओं के भविष्य को नई दिशा प्रदान करेगी एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा संगठन की सक्रियता एवं जनजागरण अभियानों की सराहना करते हुए राज्य में चल रहे जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

# थाना राजाखेड़ा पुलिस की बड़ी कार्यवाही चोरी छुपे अवैध चंबल रेता परिवहन करने के मामले में वांछित मुल्जिम गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**राजाखेड़ा** धौलपुर राजस्थान। आरोपी घटना दिनाकं को ट्रैक्टर ट्रॉली ₹जिसमें चम्बल रेता भरा हुआ₹ को मौके पर छोडकर फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर सुमित मेहरडा आईपीएस व मनोज शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर के निर्देशन तथा राजेश शर्मा आरपीएस सीओ वृत्त मनिया के निकटतम सुपरवीजन में मन थानाधिकारी रामकिशन यादव पु.नि. के नेतृत्व में टीम गठित किया जाकर अबैध चम्बल रेता परिवहन करने के मामले में वाछित मुल्जिम रन्जीतसिहं को किया गिरफ्तार। दिनाक 02.06.2025 को मुखबिर की सूचना पर मुकेशकुमार एचसी मय टीम ने महाराणा प्रताप कोलोनी डोंगरपुर के पास से एक ट्रैक्टर स्वराज मय ट्रोली जिसमें अबैध चम्बल रेता भरा हुआ को जब्त किया गया जिसका चालक मौके से ट्रैक्टर ट्रोली को मौके पर छोडकर भाग गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर धारा 303 (2) वीएनएस, 29/51 वन्य जीव सरक्षण अधि. 1972,41/42 राज. वन अधि. 1953 में प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसन्धान किया गया। घटना दिनाकं से फरार चालक की तलाश संभावित स्थानों पर की गई।

# जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय से हुई चोरी में पुलिस ने एक चोर को किया गिरफ्तार, एक लैपटॉप बरामद

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार




**हाथरस**। अवगत कराना है कि दिनांक 18 फरवरी 2025 को आलोक प्रताप श्रीवास्तव निवासी खण्ड शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय, थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस द्वारा थाना हाथरस गेट पर पर सूचना दी कि दिनांक 17 फरवरी 2025 को अभियुक्त संजय नागर पुत्र स्व मोर मुकुट, निवासी सीयल खेडा नई बस्ती थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस हाल निवासी जागेश्वर स्कूल के पास विधापति नगर थाना कोतवाली नगर जनपद हाथ ?स ने जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय से एक लेपटॉप चोरी कर लिया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना का सफल अनावरण करने व घटना कारित करने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना हाथरस गेट को निर्देशित किया गया थो जिसके क्रम में थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा घटना का अनावरण करते हुए सूचना पर कार्यवाही करते हुए रमनपुर रोड पुस्तकालय के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । जिसके कब्जे से एक लेपटॉप बरामद हुआ है ।पुलिस ने अभियुक्त संजय नागर पुत्र स्व0 मोर मुकुट निवासी सीयल खेडा नई बस्ती थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस हाल निवासी जागेश्वर स्कूल के पास विधापति नगर थाना कोतवाली नगर जनपद हाथस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# झांसी मनस्विनी द्वारा रानी की पुण्यतिथि पर दीपांजलि अर्पित की गई

वेलकम इंडिया



**झांसी**। झांसी मनस्विनी द्वारा आज महारानी लक्ष्मी बाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। चार्जर अध्यक्ष रजनी गुप्ता तथा अध्यक्ष कल्पना सेठ की संयुक्त अध्यक्षता में आज के कार्यक्रम में महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर मनस्विनी की सभी सदस्यों द्वारा 21 दीपक जलाकर दीपांजलि की गई। कार्यक्रम में सभी सदस्य पगड़ी पहनकर रानी के वेश में तैयार हुए थे। कार्यक्रम में रजनी गुप्ता कल्पना सेठ आकांक्षा प्रियंका सराओगी शिवांगी सेठ नीलम गुप्ता रेनू शुक्ला प्रियंका सेठ पल्लवी चतुर्वेदी दिव्या गुप्ता संयोगिता सेन? सोनम गुप्ता अर्चना गुप्ता कुसुम साहू आयुषी गुप्ता रीमा गुप्ता इत्यादि शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में कल्पना सेठ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की महिलाओं ने मनाया लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस

वेलकम इंडिया



**झांसी**। झांसी अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रभारी उत्तर प्रदेश श्रीमती किरन अग्रवाल चौड़ेले के नेतृत्व में तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमती सुनीता अग्रवाल, झांसी मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेखा अग्रवाल, अध्यक्ष श्रीमती ममता पार्षद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती विमला अग्रवाल, मुख्य कोषाध्यक्ष श्रीमती रितु चौड़ेले की मौजूदगी में महारानी लक्ष्मीबाई (बाईं सा) का बलिदान दिवस पर सभी सदस्यों ने सर्व प्रथम भगवान गणेश जी के मंदिर में दीपक जलाकर रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उन्होंने कहा कि ₹ बुंदेले हरबोलो से हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मदार्नी वह तो झॉसी वाली रानी थी, लक्ष्मीबाई पिता की वह संतान अकेली थी, खूब लड़ी मदार्नी वह तो झॉसी वाली रानी थी।₹वहीं श्रीमती नीलम कमरिया, उमा लिखधारी के संचालन में मनीषा, रजनी सुरेन्द्र, रश्मि गर्ग, किरण, अर्चना बिजली वाले, चन्दा, ज्योति, ममता, रूपाली, रजनी मच्छड़, सीमा मार्बल आदि मौजूद रहे।

# एमआईईटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर संपन्न




उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से सशक्त बनाना था। शिविर का सफल संचालन अनुभवी योगाचार्य अनुज द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को विविध योगासनों, प्राणायाम और ध्यान की तकनीकों का अभ्यास कराया। योग सत्र में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। योगाचार्य अनुज ने योग के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व को सरल भाषा में समझाते हुए विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि यह जीवन शैली में अनुशासन, संतुलन और मानसिक शांति लाने का माध्यम है। इस अवसर पर संस्थान के वाइस चेयरमैन श्री पुनीत अग्रवाल ने कहा, ̈योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे अपनाकर हम तनावमुक्त, स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जी सकते हैं। संस्थान इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु प्रतिबद्ध है। संस्थान के निदेशक डॉ. एस.के. सिंह ने छात्रों को नियमित योग अभ्यास की प्रेरणा देते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में मानसिक एकाग्रता, शांति और सहनशीलता अत्यंत आवश्यक है, जिसे योग के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। शिविर में डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हनी तोमर, आईक्यूएसी हेड डॉ. प्रवीण चक्रवर्ती, मीडिया प्रभारी अजय चौधरी, तथा अखिल गौतम की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने छात्रों को योग की उपयोगिता के प्रति जागरूक करते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। शिविर के अंतिम दिन विभिन्न योगासन जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम और कपालभाति का अभ्यास कराते हुए उनके लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई। योगाचार्य ने विद्यार्थियों को ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से मानसिक शांति प्राप्त करने के व्यावहारिक उपाय भी बताए।

## छज्जा गिरने से एक बुजुर्ग की मौत, दूसरा घायल

**गाजियाबाद।** शहर के शालीमार गार्डन क्षेत्र स्थित डीएलएफ कॉलोनी में सुबह एक दर्दनाक हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया। बी-73 नंबर मकान की तीसरी मंजिल का छज्जा अचानक भरभराकर नीचे गिर गया, जिसकी चपेट में आकर नीचे फेरी लगा रहे दो बुजुर्ग मलबे में दब गए। इस हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना सुबह लगभग 10:30 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उस समय सड़कों पर चहल-पहल थी और कई लोग अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त थे। अचानक तेज आवाज के साथ छज्जा गिरा और दो राहगीर मलबे के नीचे दब गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और राहत कार्य शुरू किया। मलबे में दबे दोनों व्यक्तियों की पहचान 60 वर्षीय सलीम पुत्र अनीस और 60 वर्षीय अय्यूब पुत्र शमशेर के रूप में हुई है। सलीम की हालत अत्यंत गंभीर थी। उन्हें तत्काल एमएमजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अय्यूब को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# खराब प्याऊ को ठीक कराने की मांग





वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर के मुख्य मार्ग पर कुम्हारों वाली पुलिया के पास नगर पालिका द्वारा लगभग दो साल पहले लगाया गया प्याऊ भीषण गर्मी में खराब पड़ा है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को ठंडा, शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। व्यापार मंडल के युवा नगर अध्यक्ष सलीम कसगर ने नगर पालिका प्रशासन से प्याऊ को जल्द ठीक कराने की मांग की है। नगरपालिका प्रशासन द्वारा नगर की कुम्हारों वाली पुलिया के पास लगभग दो वर्ष पूर्व प्याऊ लगवाया गया था।लोगों का कहना है कि प्याऊ कुछ समय बाद खराब हो गया था। इसकी शिकायत के बाद नगर पालिका कर्मचारियों ने प्याऊ की मोटर और मशीन हटा ली, लेकिन कई महीनों बाद भी इसे चालू नहीं किया गया। इस स्थान पर पर बसों का ठहराव, यात्रियों की चहल-पहल और आसपास के ग्रामीणों का आना-जाना रहता है, जिससे प्याऊ की जरूरत और भी बढ़ जाती है। गर्मी में पानी की कमी से लोग परेशान हैं, क्योंकि आसपास कोई दूसरा प्याऊ उपलब्ध नहीं है। व्यापार मण्डल के युवा नगर अध्यक्ष सलीम कसगर ने नगर पालिका प्रशासन से भीषण गर्मी में मरम्मत के बाद प्याऊ को शीघ्र चालू करने की मांग की है, ताकि लोगों को शुद्ध और ठंडा पानी उपलब्ध हो सके।

## बीकेडीए ने अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** डॉ॰ अंकुर लाठर (आई॰ए॰एस) उपाध्यक्ष बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण, बुलन्दशहर के निर्देशन में बुलन्दशहर विकास क्षेत्रान्तर्गत बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण के सचल प्रवर्तन दल द्वारा जोन जहांगीराबाद में गहना रोड निकट अनाज मन्डी व आर॰सी॰ फार्म हाउस, आनन्द सिंघल की स्थल पर लगभग ग्यारह बीघा में एवं गहना रोड निकट अनाज मन्डी व आर॰सी॰ फार्म हाउस के पास, लाला कलूटी व निरंजन की स्थल पर लगभग 1.5 बीघा एवं खेत नं॰ 3554 मौहल्ला मैमरान जहांगीराबाद कब्रिस्तान के सामने वाली गली में, महेश चन्द व सुन्दर चन्द व विनोद की स्थल पर लगभग 2.5 बीघा में अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। उक्त अवैध निर्माण को बुलन्दशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण के सक्षम प्राधिकारी, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं अन्य सहायक स्टाफ द्वारा एवं थाना कोतवाली फोर्स की उपस्थिति में ध्वस्त सील किया गया।

# एसपी ने कोतवाली में लगाया जनता दरबार

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके द्वारा कोतवाली बागेश्वर में आम जनमानस के लिये जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में प्रमुख रूप से नशे का बढ़ता चलन, अवैध रूप से नशे की कालाबाजारी करने वालों पर रोक, आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अब सबसे ज्यादा नशे की तश्करी करने वाले लोग सक्रिय रहते हैं इसको कैसे रोका जाए, ऐसे तश्करी वाले कैसे पुलिस के शिकंजे में आएंगे।युवाओं में नशे की लत बढ़ने से उनका भविष्य अंधकारमय होने से बचाने के लिए पुलिस कैसे नशे की अवैध तश्करी करने वालों पर शिकंजा कसेगी, इसको लेकर लोगों ने जिले में अवैध रूप से नशे की तश्करी करने वालों पर शिकंजा कसने की मांग एसपी से की। स्थानीय नागरिकों और संगठनों ने क्षेत्र में बढ़ती नशाखोरी पर चिंता व्यक्त की और इससे निपटने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने की मांग की। कहा कि अधिकांश नशे की तश्करी में गांवों में छोटे छोटे तश्कर पकड़े जाते हैं जबकि उन्हें नशे की खेप बेचने वालों को पकड़ा जाए तो अवैध नशे का काला कारोबार जिले से नष्ट हो सकेगा।ऐसे में मौजूद लोगों ने ऐसे नशे के सौदागरों को पकड़ने की अपील की। साथ ही यातायात व्यवस्था जिसमें शहर में लगने वाले जाम एवं राजनैतिक संगठनों द्वारा एसबीआई तिराहे पर पुतला दहन ना कर किसी अन्य स्थान पर पुतला दहन करने, महिलाओं की सुरक्षा, साइबर क्राइम और बाजार की सुरक्षा, शराब की दुकानों के अलावा बारों में भी शराब की विक्री होने और इन पर सख्ती करने और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्ती बरतने की अपील की गई। कई विषयों पर लोगों द्वारा सुझाव दिए गए। जनता द्वारा बताई समस्याओं को पुलिस अधीक्षक द्वारा गम्भीरता पूर्वक सुनकर कुछ समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया और कुछ समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिये संबंधित को निर्देशित किया गया ।एसपी कोड़े ने बताया गया कि पुलिस जनसहयोग से अपराध पर नियंत्रण और जनहित में कार्य कर रही है। नशे को समाज से दूर करने के लिये पुलिस द्वारा किये कार्यो को बताते हुए भविष्य में अवैध नशे के काले कारोबार पर रोक लगाने के लिए उचित कार्रवाई करने की बात कही गई। साइबर क्राइम से बचाव व किसी भी प्रकार का साइबर क्राइम होने पर साइबर हेल्पलाइन न॰- 1930 में शिकायत दर्ज करवाने, यातायात व्यवस्था पर व्यापार संघ के व्यक्तियों से वाहन को नियत स्थान पर खड़ा करने व सड़क दुर्घटना के दौरान घायल की मदद कर नेक व्यक्ति बनने, बाल अपराध एवं बाल भिक्षावृत्ति पर भी रोक लगाने, महिला सम्बधी अपराध/बचाव से अवगत कराया गया। एवं किसी प्रकार की आपराधिक घटना घटित होने की सूचना/समस्या तुरंत पुलिस को सूचित करने हेतु बताया गया साथ ही *डॉयल- 112* की जानकारी देकर इसकी उपयोगिता के बारे में बताया गया। जनता दरबार लगाने के लिए उपस्थित लोगों ने पुलिस अधीक्षक, महोदय व जनपद पुलिस का आभार व्यक्त किया गया, एवं भविष्य में भी ऐसे ही जनहित कार्य करने की अपील की गयी ।जनता दरबार के दौरान पुलिस उपाधीक्षक अजय शाह, प्रभारी निरीक्षक कैलाश नेगी व बागेश्वर नगर क्षेत्र केवरिष्ठ नागरिक न्यास के अध्यक्ष दलीप सिंह खेतवाल, इंद्र सिंह परिहार, पूर्व नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष हरीश सोनी, सभासद नवीन रावल, पूर्व पालिकाध्यक्ष गीता रावल, एसओजी प्रभारी सलाउद्दीन, एसएसआई खष्टी बिष्ट, महिला हेल्पलाइन प्रभारी मीना रावत, सहित व्यापार मण्डल, व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला पोषण समिति की बैठक



विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र, केंद्रों पर पीने के पानी की व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन की स्थिति, शौचालय की व्यवस्था, पुष्टाहार वितरण, आंगनबाड़ी केंद्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस मशीनों का विवरण तथा कार्यप्रणाली, अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती किये जाने, बच्चों का वजन/ऊंचाई आदि मापने की मशीन की उपलब्धता सहित अन्य बिंदुओं पर गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भीषण गर्मी के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय प्रातः 8 बजे से पूर्वान्ह 10 बजे यथावत रहने का निर्देश दिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य ने बताया कि जनपद की समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन करते हुए पंजीकृत लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। स्कूल चलो अभियान की तरह आंगनबाड़ी चलो अभियान की रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो बच्चे 3 वर्ष के पूरे हो गये है उनका नामांकन आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कराया जाये। डीपीओ को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जो भी मशीने है वह खराब स्थिति में है जिससे बच्चों का वजन नहीं हो पा रहा है इसके लिये मशीन खरीदने हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया जाये जिससे 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन मापा जा सके। बैठक में पोषण समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाये और उसकी रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैकर पोर्टल, टीम द्वारा बच्चों का चिन्हांकन, सैम बच्चों को ट्रैक कर उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं, पोर्टल पर फीडिंग की समीक्षा की।

## भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तालान का मेरठ में हुआ भव्य स्वागत



उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

मेरठ काशी टोल प्लाजा पर देवभूमि हरिद्वार में आरंभ हो रहे चिंतन शिविर की ओर जा रहे भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तालान का मेरठ में यूनियन के कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े बजा कर और फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया हमारे संवाददाता से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि 19 जून से 21 जून तक चलने वाले इस चिंतन शिविर में पूरे भारतवर्ष से किसान यूनियन महात्मा टिकैत के सभी बड़े अधिकारी और कार्यकर्ता हरिद्वार पहुंचेंगे जहां वह संस्था के विस्तार और किसान भाइयों को होने वाली समस्याओं पर गहन चिंतन करेंगे मेरठ के काशी टोल प्लाजा पर स्वागत करने हेतु मेरठ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी के साथ उनकी टीम के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

## फादरसन पब्लिक स्कूल, चांदपुर के दो छात्रों ने नीट में लहराया परचम

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा





चांदपुर, फादरसन पब्लिक स्कूल, चांदपुर के लिए यह गर्व का क्षण है ! स्कूल के दो होनहार छात्रों, हम्जा अली और मोहम्मद यासर ने देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में शानदार सफलता हासिल कर स्कूल और चांदपुर का नाम रोशन किया है। स्कूल के पूर्व हेड बॉय रहे हम्जा अली ने 720 में से 540 अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को एक बार फिर साबित किया है। उनकी कैटेगरी रैंक 7198 रही। हम्जा अपनी पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी हमेशा आगे रहे हैं और उनकी यह उपलब्धि कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने हम्जा की इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मोहम्मद यासर ने भी दिखाया दमः वहीं, मोहम्मद यासर ने नीट में 557 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उनकी कैटेगरी रैंक 4318 रही, जो उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। यासर की यह सफलता उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है जो अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। फादरसन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने इस अवसर पर दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा, ̈हम्जा और यासर ने न केवल अपने लिए बल्कि पूरे स्कूल समुदाय के लिए एक मिसाल कायम की है। हमें उनकी उपलब्धियों पर बेहद गर्व है और हम उनके मेडिकल करियर के लिए शुभकामनाएं देते हैं। यह खबर चांदपुर के शिक्षा जगत में खुशी की लहर ले आई है और दोनों छात्रों को भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं मिल रही हैं।

## कांग्रेसियों ने कालाआम चौराहे पर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी का 55वाँ जन्मदिन गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में काला आम चौराहा, मलका पार्क पर धूमधाम से बैंड बाजे के साथ मनाया और शांति के प्रतीक गुब्बारे छोड़कर उनके दीघार्यु होने और आगामी चुनाव में प्रधानमंत्री बनने की कामना की। साथ ही राहुल गांधी को जातिगत जनगणना कराने के लिए भी आभार व्यक्त किया। मलका पार्क के गेट पर बैंड के साथ कांग्रेसियों ने 11 किलो का केट काटा और नेता विपक्ष राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए । कांग्रेस जिलाध्यक्ष एड. जियाउर्रहमान ने कहा कि राहुल गांधी शोषितों, वंचितों, दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़ों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले एक ऐसे नेता हैं जिनकी आज देश को जरूरत है। संविधान और देश बचाने की उनकी लड़ाई में बुलंदशहर का एक एक नागरिक साथ है। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शिवराम बाल्मिकी, सुभाष गांधी और नईम मंसूरी ने कहा कि राहुल गांधी के कार्य कांग्रेस पार्टी की विविधता में एकता, सद्भाव और करुणा की विचारधारा को लगातार दर्शाते हैं।

## दूध कारोबारी के प्लांट पर छापामारी, सैंपल लेकर जांच को भेजे



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर/बुलंदशहर/** भाजपा युवा मोर्चा अहमदगढ़ मंडल के महामंत्री विनेश गिरी के पिता महेश गिरी के दूध के प्लांट पर खाद्य सुरक्षा विभाग और तहसील प्रशासन की टीम ने छापा मार कार्रवाई की है। टीम ने नमूने लेकर जांच को प्रयोगशाला भेजे हैं। तहसील शिकारपुर के अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के सैदगढ़ी गांव में महेश गिरी का दूध का प्लांट है। गुरुवार को सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा विनीत कुमार के नेतृत्व में दूध प्लांट पर छापामारी की गई। इस दौरान तहसीलदार शिकारपुर गौरव बिश्नोई और अहमदगढ़ थाना पुलिस साथ रही। टीम द्वारा प्लांट पर घर से मिले दूध, घी और रिफाइंड का सैंपल लिया गया है, जिसे जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है।

# एनसीआरटीसी की बड़ी करवाई ,नमो भारत कॉरिडोर पर अवैध पोस्टर और ब्रांडिंग के खिलाफ शुरू किया विशेष अभियान

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) ने नमो भारत कॉरिडोर के पिलर्स और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों को दूषित करने और अवैध प्रचार सामग्री चिपकाने वालों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया है। अब इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों और संस्थानों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एनसीआरटीसी द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत गाजियाबाद में नमो भारत कॉरिडोर के 300 से अधिक पिलर्स से अवैध पोस्टर, बैनर और अन्य प्रचार सामग्री हटाई जा चुकी है। और अब यह अभियान कॉरिडोर के अन्य हिस्सों में भी विस्तारित किया जा रहा है यह अभियान इस कॉरिडर की स्वच्छता, संरचनात्मक सुंदरता और सार्वजनिक गरिमा को बनाए रखने की दिशा में एनसीआरटीसी द्वारा उठाया गया एक अहम कदम है।एनसीआरटीसी की यह संपत्तियाँ सार्वजनिक संपत्तियाँ हैं, और उन पर किसी भी प्रकार का अवैध पोस्टर चिपकाना, दीवारों को गंदा करना या सार्वजानिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाना, न सिर्फ एक सार्वजनिक अपराध है, बल्कि यह एक दंडनीय कानूनी अपराध भी है। इन गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के अनुसार जुमार्ना लगाया जा सकता है या अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इसके साथ ही जिन व्यक्तियों और संस्थानों द्वारा यह अवैध प्रचार किया गया है, उन्हें चिन्हित कर कानूनी नोटिस भी भेजे जा रहे हैं। यह प्रक्रिया आगे भी निरंतर जारी रहेगी। एनसीआरटीसी सभी नागरिकों से यह अपील करता है कि वे इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहें और दूसरों को भी ऐसा करने से रोकें। पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर किसी एक संस्था की नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा पूंजी होती है, और इसे स्वच्छ और संरक्षित रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

# थाना में शिकायत करने पहुंचे युवक की थाने के सामने गोली मारकर हत्या

**वेलकम इंडिया**

**मुरादनगर।** थाना में शिकायत दर्ज कराने आए युवक पर थाना के गेट पर सरेआम ताबड़तोड़ फायरिंग कर मौत के घाट उतार दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने मृतक के शव को थाना के सामने सड़क पर रख कर आरोपियों का एनकाउंटर व थाना बर्खास्त करने की मांग करते हुए जाम लगाया। मौके पर पहुंचे एडशियल सीपी आलोक प्रदर्शनी डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी व एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने ग्रामीण को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। वहीं पुलिस कमिश्नर ने प्रेस नोट जारी कर थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार रात्रि अधिकारी सब इंस्पेक्टर सूबे सिंह व विवाद क्षेत्र अधिकारी सब इंस्पेक्टर को निलंबित किया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कर पुलिस टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि बुधवार की देर शाम को थाना क्षेत्र के गांव मिलक रावली कला निवासी रवि शर्मा का गांव के ही अजय व मोंटी से गांव के सामने रावली सुराना मार्ग पर बस स्टॉप के निकट कार को साइड देने को लेकर विवाद हो गया। उस समय तो आरोपी अजय व मोंटी गांव में आ गए। करीब शाम साढ़े आठ बजे अजय व मोंटी ने रवि शर्मा के घर के बाहर गेट पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर फरार हो गए। हालांकि घर गेट बंद होने से गोलियां गेट में लगी। पीड़ित ने 112 पर शिकायत की। मौके पर पहुंची पुलिस पीड़ित पक्ष को थाना ले आई। पीड़ित थाना में शिकायत दर्ज कराने के लिए वहां मौजूद थे। तभी बाइक पर अजय व मोंटी आए। रवि शर्मा थाना गेट पर खड़ा था। आरोपियों अजय व मोंटी ने रवि शर्मा से गाली गलौज करते हुए सरेआम पुलिस के सामने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिसमें 33 वर्षीय रवि शर्मा गंभीर रूप घायल हो गया। गंभीर हालत में रवि शर्मा को मोदीनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बृहस्पतिवार की सुबह गुस्साए ग्रामीणों ने मृतक रवि शर्मा के शव को थाना गेट के सामने सड़क पर रखकर दिया। पुलिस व आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। जाम लगने से वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पुलिस के उच्चाधिकारियों की मिली। सूचना मिलते ही पुलिस के उच्चाधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में एडमिशन सीपी आलोक प्रियदर्शी डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी व एसीपी मसूरी लिपि नगायच मौके पर पहुंचकर गुस्साए ग्रामीणों को पुलिस व आरोपियों कार्रवाई करने का आश्वासन देकर शव को थाना गेट हटाया। वहीं ग्रामीणो व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विकास यादव ने बताया कि यदि पुलिस समय पर कार्रवाई करती तो निर्दोष रवि शर्मा की जान बच सकती थी। आरोपी पुलिस की मौजूदगी में सरेआम ताबड़तोड़ फायरिंग कर युवक रवि शर्मा को मौत के घाट उतार कर फरार हो गए।



# भाजपा कार्यकताओं ने विधायक डॉ मंजू शिवाच को जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** भाजपा विधायक डॉ मंजू शिवाच का जन्मदिन भाजपा कार्यकताओं ने धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर कार्यकताओं ने विधायक डॉ मंजू शिवाच को उनके निवास स्थान पर पहुंच कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

शुभकामनाएं देने वालों में रालोद के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पंजाबी महिला संगठन की अध्यक्ष डॉक्टर शालिनी नैय, भाजपा के वरिष्ठ अमित चौधरी अमित जैन आदि कार्यकर्ता थे। राष्ट्रीय महिला एकता संघर्ष संगठन द्वारा विधायक डॉ मंजू शिवाच का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ईशा गोस्वामी ने विधायक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोदीनगर की बहनों को सशक्त बनाने की पहल हमारे विधायक ने बहुत ही सुंदर तरीके से की। विधायक जी द्वारा सशक्तिकरण पर महिलाओं को जागरूक किया और महिलाओं को सशक्त बनाया गया। इस मौके पर मौजूद नेहा वर्मा नगर उपाध्यक्ष पूजा सिंह नगर अध्यक्ष पूजा शर्मा सोनिया महामंत्री राज फोगाट वंदना सीमा गोस्वामी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आदि सभी मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब द्वारा 20 जून को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ )।** एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत पर्यावरण की सुरक्षा एवं सरंक्षण हेतु पौधारोपण कार्यक्रम रोटरी क्लब का गाजियाबाद सेंट्रल द्वारा 20 जून (शुक्रवार) को प्रातः 10.00 बजे सेस्थान :- पार्क नं0 4, स्वदेशी पोलिटेक्स कम्पाउण्ड, कविनगर, गाजियाबाद अर्जित किया जाएगा। क्लब की अध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि : डिस्ट्रिक्ट गर्वनर डॉ० प्रशान्त राज शर्मा, विशिष्ट अतिथि : डी जी एन अमित गुप्ता, पौधा सहयोगी रो० पुष्पेन्द्र रावत, सहयोगी सस्था स्वदेशी इण्डिस्ट्रीयल ऑनर्स एसोसिएशन, कविनगर रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष अजय शर्मा, सेक्रेटरी अनुपम गर्ग, स्वाति गुप्ता क्लब लर्निंग फैसिलिटेटर, संजय गर्ग कोषाध्यक्ष, ललित शर्मा प्रोजेक्ट चेयरमैन आदि लगे हुए हैं।

# पालिका की बोर्ड में नगर विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर किया विचार-विमर्श

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसमें नगर विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष विनोद वैशाली, विधायक डॉ मंजू शिवाच द्वारा की गई। बैठक में निम्नलिखित एजेंडा बिंदुओं पर विचार एवं अनुमोदन किया गया। जिसमें भूपेन्द्रपुरी में नए बोरिंग हेतु भूमि का फेर बदल– नए बोरिंग कार्य के लिए भूमि परिवर्तन की स्वीकृति पर विचार किया गया। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि का उपयोग – नगर में निर्माण/विकास कार्य कराए जाने हेतु धनराशि के उपयोग की



स्वीकृति पर विचार किया गया। हापुर रोड स्थित गांधी ग्राउंड में निःशुल्क एंट्री कार्ड बनाए जाने पर विचार किया गया। माटीकला कॉमन फैसिलिटी सेंटर योजना हेतु भूमि किराये पर देना – ग्राम बिसोखर के खसरा संख्या 338, रकबा 0.139 हेक्टेयर भूमि को किराये पर दिए जाने हेतु शुल्क निर्धारण की स्वीकृति पर चर्चा की गई। नए/पुराने नियमित बाजार चिन्हित (मार्किंग) क्षेत्र के भीतर लगाए जाएंगे। ठेली/फेरी वालों द्वारा कूड़ा फैलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अन्य प्रस्तावों पर भी अध्यक्ष की अनुमति से विचार किया गया। पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने कहा कि यह बैठक नगर के समग्र विकास व जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही। बोर्ड बैठक में विधायक डॉ मंजू शिवाच पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र, राजस्व निरीक्षक अंकित चौधरी, अंकित गोयल, कामेश चौहान, एस एफ आई अमरीश, दिनेश, ललित त्यागी एवं सभासद उपस्थित रहे।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की बैठक 23 जून को

**वेलकम इंडिया**


- राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी के साथ उत्तर प्रदेश के 60 जिलों के जिलाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष प्रांतीय अधिवेशन में सहभागिता करेंगे।
- संचालन महानगर मंत्री दीपक कृष्ण गोस्वामी ने किया।

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री पं. शिव मोहन भारद्वाज ने बताया कि अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के 23 जून को होने वाले प्रांतीय अधिवेशन की तैयारी को लेकर एक बैठक वृंदावन के गांधी पार्क में आयोजित की गई।

अध्यक्षता ब्रज प्रांत अध्यक्ष आचार्य राजेश किशोर गोस्वामी ने की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी के साथ उत्तर प्रदेश के 60 जिलों के जिलाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष प्रांतीय अधिवेशन में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मथुरा वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा द्वारा किया जाएगा। जिलाध्यक्ष दुष्यंत सारस्वत एवं महानगर अध्यक्ष श्याम कुमार शर्मा ने बताया कि प्रांतीय बैठक 9 बजे शुरू होकर शाम 4 बजे समाप्त होगी। संचालन महानगर मंत्री दीपक कृष्ण गोस्वामी ने किया। बैठक में संरक्षक कृष्ण कुमार शर्मा लड्डू, नगर अध्यक्ष आचार्य करुण गोस्वामी, आचार्य दीपक गोस्वामी, मोहन श्याम शर्मा, सतीश त्रिपाठी, गिरधर शर्मा, मोहन बल्लभ शर्मा आदि पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

## नोएडा के चार मूर्ति चौक तेज गति के कारण बाइक सवार युवक युवती की दर्दनाक मौत

**वेलकम इंडिया**



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति चौक पर निमार्णाधीन अंडरपास में गिरकर युवक- युवती की मौत की घटना से प्राधिकरण के अधिकारीगण भी बहुत आहत हैं। सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ प्रेरणा सिंह व अन्य अधिकारियों ने उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं, सीईओ के निर्देश पर परियोजना विभाग की टीम ने घटना के तुरंत बाद मौके पर जाकर जायजा भी लिया। सीसीटीवी फुटेज भी निकलवाई गई, जिसमें बाइक की तीव्र गति दिख रही है। मौके पर जायजा लेने के बाद परियोजना विभाग की टीम ने बताया कि अंडरपास के निर्माण को देखते हुए डबल बैरिकेटिंग भी की गई है। बाइक की गति अधिक होने की वजह से बैरिकेटिंग को तोड़कर युवक- युवती अंडरपास में गिरे थे, जिससे यह हादसा हुआ। प्राधिकरण का कहना है कि चौराहे पर पर्याप्त रोशनी का भी इंतजाम है। वीडियो में पर्याप्त रोशनी भी दिख रही है। यही नहीं, अंडरपास के निर्माण के लिए नोएडा से आते समय 130 मीटर रोड पर कोई अतिरिक्त डायवर्जन नहीं किया गया है, सिर्फ 60 मीटर रोड पर ट्रैफिक डायवर्जन है, जिस जगह अंडरपास बन रहा है, वहां पहले से चौराहा था।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया




**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** शहर कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष बृजेश सेन के नेतृत्व में कार्यकताओं ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मोदीनगर शहर कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर योगी जाटव, प्रवीण कुमार उपस्थित रहे। इस मौके पर मौजूद रहने वालों में भिखारी लाल कश्यप आत्म प्रकाश शर्मा हरीश कलर सुनील शर्मा चांद वीर चौधरी हिमांशु सोनी आकाश तंवर आरिफ रिजवी अमजद रियासत सैफी पूर्व अध्यक्ष आशीष शर्मा नंदकिशोर गोविंदा अभिनव शर्मा प्रदीप गौड़ दिनेश शर्मा निवाड़ी और सेकंड लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजेश सेन ने की।

# साफ्टवेयर इंजीनियर ने पत्नी से जताया जान का खतरा कहा जान से मरवाना चाहती है अपने प्रेमी से मुझे, दो बार करवा दिया मेरे पर हमला

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**






मेरठ के मेडिकल थाना अंतर्गत कीर्ति पैलेस निवासी साफ्टवेयर इंजीनियर विकल्प चौहान ने पत्नी पर उसकी हत्या कराने के प्रयास का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि पत्नी उस पर एक बार हमला भी करवा चुकी है। पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत दी। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने मेडिकल थाना प्रभारी को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विकल्प ने बताया कि वह गुरुग्राम में साफ्टवेयर इंजीनियर है। सात फरवरी 2025 को उसकी शादी बुलंदशहर के एक गांव निवासी युवती से हुई थी। युवती भी गुरुग्राम में साफ्टवेयर इंजीनियर है। विकल्प के अनुसार, वे दोनों -कभी साथ नहीं रहे। उन्होंने पत्नी के चाचा से शिकायत की तो चचेरे भाई ने जान से मारने की धमकी दी। समझाने पर पत्नी उसके फ्लैट में आने लगी। उसे पता चला कि पत्नी कई युवकों से वाट्सएप पर चैट करती है। उस पर दो युवकों से हमला भी कराया, जिसमें वह बच गया। फिलहाल सॉफ्टवेयर इंजीनियर के थाना मेडिकल पुलिस ने बयान दर्ज किए हैं अब देखने वाली बात यही है कि आगे किस तरह की कार्रवाई होती है आपको बता दें पिछले कुछ समय से पत्नियां अपने पतियों को करने पर तुली हुई हैं जिसमें से पुलिस काफी केसों का खुलासा कर चुकी है।

# जीडीए के जोन 8 लोनी में 5 पुराने तो 3 नए निर्माण पर चला बुलडोजर

**इंद्रेश शर्मा गाजियाबाद**

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के अवैध निर्माण पर कार्यवाही किये जाने के निदेशों के क्रम में प्रभारी प्रवर्तन जोन-08 के नेतृत्व में मीरपुर हिन्दू, खड़खड़ी, चिरौड़ी रोड़ लोनी गाजियाबाद में पूर्व निर्मित 05 एवं 03 नव सृजित कालोनियों में लगभग 70-80 भूखण्डों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकताओं /निर्माणकताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-08 लवकेश कुमार द्वारा लोगो को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनियों के विरूद्ध सहायक अभियन्ता प्रमोद शर्मा व अवर अभियन्ता अखिलेश कुमार तथा भगवान दास मौर्या एवं प्रवर्तन जोन-08 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा। लोगों से भी अनुरोध किया गया कि कालोनाइजर के द्वारा विकसित की जाने वाली कालोनियों में किसी तरह का क्रय विक्रय न करें। जीडीए के द्वारा की जाने वाली कार्वाई के दौरान होने वाले नुकसान के लिए वह खुद जिम्मेदार होंगे।




# जीडीए के जोन 6 ने अनाधिकृत निमार्णों के विरूद्ध की सीलिंग की कार्यवाही

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद**

अवैध निमार्णों के विरुद्ध गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के वीसी अतुल वत्स ने दिए सीलिंग की कार्यवाही के निर्देश प्रभारी प्रवर्तन जोन-06 आलोक रंजन और उनकी टीम ने इन्दिरापुरम योजना में अनाधिकृत निमार्णों के विरूद्ध सीलिंग की कार्यवाही की जिसमें श्याम सुन्दर एवं सुनीता त्यागी, द्वारा भूखण्ड संख्या शक्तिखण्ड-3,/248 इन्दिरापुरम, श्रीमती गिरिजा कृष्ण, भूखण्ड संख्या शक्तिखण्ड-3/321 इन्दिरापुरम, सज्जाद अहमद, भूखण्ड संख्या शक्तिखण्ड-3/331 इन्दिरापुरम, निशान्त जैन, भूखण्ड संख्या शक्तिखण्ड-3/332 इन्दिरापुरम, सौरभ गुप्ता, भूखण्ड संख्या शक्तिखण्ड-3/340 इन्दिरापुरम, शोभा सिन्हा, भूखण्ड संख्या-85, सेक्टर-6, वैशाली, एवं उर्वशी अग्रवाल, भूखण्ड संख्या-डी-35, कौशाम्बी, गाजियाबाद द्वारा किसये गये अवैध निमार्णों को विधिवत सील बन्द किया गया, सीलिंग की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकताओं/ निर्माणकताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर सीलिंग की कार्यवाही जारी रखी गयी। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-6 आलोक रंजन द्वारा लोगो को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नही जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत रूप से विकसित किये जा रहे निमार्णों के विरुद्ध सहायक अभियन्ता पीयूष सिंह, अवर अभियन्ता गोपाल कृष्ण शर्मा तथा वीरेंद्र पांडेय एवं प्रवर्तन जोन-6 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में सीलिंग की कार्यवाही सम्पन्न की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।



# जन आरोग्यम के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 317 लोगों की हुई जांच

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** खोड़ा कॉलोनी में गुरुवार को जन आरोग्यम सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भारत सरकार के उपक्रम इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के तहत आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, जांच और दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं। इस आयोजन का संचालन बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) द्वारा किया गया, जो वर्षों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सामाजिक कल्याण के लिए कार्य कर रही है। संस्था के जन आरोग्यम अभियान के अंतर्गत इस शिविर का उद्देश्य कमजोर वर्गों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और बीमारियों की समय रहते पहचान सुनिश्चित करना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम ने कुल 317 लोगों की स्वास्थ्य जांच की। प्रमुख रूप से एनीमिया (रक्ताल्पता), मधुमेह (शुगर) और उच्च रक्तचाप की जांच पर विशेष ध्यान दिया गया। जांच के दौरान रक्त परीक्षण, रक्तचाप मापन, ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर, और अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए। उपस्थित नागरिकों को निःशुल्क दवाइयां, पोषण संबंधी पूरक एवं रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने वाले उत्पाद वितरित किए गए। कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा (आईएएस) ने विशेष रूप से भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की सराहना की। भारत सरकार के सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) से डॉ. वसुन्धरा उपमन्यु (आईआरएस), संयुक्त सचिव (नीति प्रभाग), लुकास एल. कामसुआन, संयुक्त सचिव, क्रांति ई. खोबरागड़े (आईआरएस), उप सचिव एवं कैलाश भंडारी, उप निदेशक ने भी अपनी उपस्थिति से आयोजन को महत्व प्रदान किया। आईओसीएल की ओर से कार्यक्रम में सुश्री रश्मि गोविल, निदेशक मानव संसाधन, आशालता सचदेवा, महाप्रबंधक सीएसआर, और विभूति, प्रधान कार्यकारी निदेशक (सीएसआर) ने भाग लिया और जन आरोग्यम पहल के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य को रेखांकित किया। इस सफल आयोजन के संचालन और समन्वय की कमान संभाली बीएसजीएसएस की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदिता बक्शी ने। उनके साथ जे.एन. राय (निदेशक - परियोजनाएं), अनूप कुमार (निदेशक - संचालन), और जन आरोग्यम टीम ने शिविर की सभी गतिविधियों को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया। स्थानीय लोगों ने इस शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें समय रहते जांच और उपचार की सुविधा देकर गंभीर बीमारियों से बचाव में भी मदद करते हैं। शिविर के अंत में आयोजकों ने भविष्य में भी इसी प्रकार के और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प दोहराया।

यह शिविर सामाजिक सहभागिता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निजी और सरकारी संस्थाओं के बीच सहयोग का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरा।

# हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में महापौर से तत्काल बोर्ड बैठक बुलाने की मांग

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा बेलगाम तरीके से बढ़ाए गए हाउस टैक्स को लेकर गाजियाबाद के पार्षदों में जबरदस्त रोष देखने को मिल रहा है। नगर निगम के 76 पार्षदों ने एकजुट होकर गुरुवार को महापौर सुनीता दयाल को पत्र सौंपते हुए मांग की कि हाउस टैक्स की विसंगतियों पर चर्चा के लिए तुरंत बोर्ड की बैठक बुलाई जाए। पार्षदों ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि 7 मार्च 2025 को नगर निगम सदन की बैठक में संपत्ति कर की नई दरों से संबंधित कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया गया था, बावजूद इसके कार्यवृत्त में इसे सर्वसम्मति से पारित दिखाया गया है, जो न केवल गलत है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उल्लंघन भी है। पार्षदों ने यह भी बताया कि 9 अक्टूबर 2024 को आयोजित सदन की बैठक में, मंत्री सुनील शर्मा और विधायक अजीत पाल त्यागी की उपस्थिति में, प्रस्तावित संपत्ति कर दरें जो जिलाधिकारी सर्किल दरों पर आधारित थीं को पहले ही निरस्त किया जा चुका था। इसकी पुष्टि 7 मार्च 2025 की बैठक में प्रस्ताव संख्या 113 के माध्यम से भी की गई थी। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा जनता को बढ़े हुए टैक्स बिल भेजे जा रहे हैं, जिससे हर क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। जनता पार्षदों से पूछ रही है कि जब सदन ने कोई नया कर पारित नहीं किया तो फिर ये टैक्स कैसे लगाए जा रहे हैं। पार्षदों का स्पष्ट कहना है कि नियमानुसार दो वर्षों में केवल 10 प्रतिशत की वृद्धि ही हो सकती है। इसके अलावा, उन्होंने मांग की कि बोर्ड बैठक में हाउस टैक्स पर वोटिंग कराई जाए और 20 प्रतिशत की छूट की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक बढ़ाई जाए, जिससे आमजन को राहत मिल सके। इस संबंध में जब पार्षदों ने महापौर सुनीता दयाल से मुलाकात की, तो उन्होंने सभी की बातें सुनीं और मौखिक आश्वासन दिया कि इसी महीने के अंत तक बोर्ड की बैठक बुलाई जाएगी।

# गाढ़ी कन्हैया गांव में देर रात ताबड़तोड़ फायरिंग, दहशत में लोग

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले के अंकुर विहार थाना क्षेत्र स्थित गाढ़ी कन्हैया गांव में 18 और 19 जून की मध्यरात्रि उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अज्ञात हमलावरों ने एक मकान के बाहर आकर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोलियों की गूंज से पूरा इलाका दहल उठा और लोगों में भय का माहौल पैदा हो गया। फायरिंग की इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

घटना के समय मकान मालिक राजू अपने परिवार के साथ घर के अंदर था। जैसे ही गोलियों की आवाजें गूंजीं, आसपास के लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पीड़ित राजू ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि रात के समय कुछ युवक उसके घर के बाहर आए और बिना किसी चेतावनी के फायरिंग शुरू कर दी। उसने आरोप लगाया कि सौरभ, मोंटू और सचिन नामक युवक इस हमले में शामिल थे। राजू के अनुसार, आरोपियों के साथ पूर्व में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जो अब रंजिश का रूप ले चुका है। घटना के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए तुरंत मामला दर्ज कर लिया और तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संगीन धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि यह मामला आपसी रंजिश से जुड़ा प्रतीत होता है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। घटनास्थल से पुलिस को कई खोखे बरामद हुए हैं, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। आसपास लगे कुछ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की गतिविधियों का स्पष्ट प्रमाण जुटाया जा सके। गांव के निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं पर सख्त अंकुश लगाया जाए ताकि लोग भय के साये में न जीएं।

# राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने संजीव चौधरी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अन्नपूर्णा वेंकट सभागार में आयोजित एक महत्वपूर्ण संवाददाता सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नीरपाल सिंह ने संजीव चौधरी को गाजियाबाद जिले का खेल प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल आज खेलों के माध्यम से युवाओं में नई चेतना भरने का कार्य कर रहा है। पार्टी के शीर्ष नेता जयंत चौधरी के निर्देश पर गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि युवा वर्ग को खेलों से जोड़ा जा सके और उनकी प्रतिभा को एक सही मंच दिया जा सके। इस अवसर पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन का संचालन राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक ने किया। मंच पर उपस्थित सभी वरिष्ठ नेताओं ने यह संकल्प लिया कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह के मिशन को गांव, वार्ड और गली तक पहुंचाया जाएगा और समाज के हर वर्ग, हर धर्म व जाति के लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा।

इस अवसर पर जिले के अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे जिनमें जिला महासचिव प्रदीप त्यागी, जिला सचिव दिनेश शर्मा, अधिवक्ता विशाल सिरोही, पिंटू त्यागी, बिट्टू त्यागी, मुनिराज त्यागी, अधिवक्ता धीरेंद्र चौधरी, हनी डागर आदि शामिल थे। यह आयोजन न केवल खेल प्रकोष्ठ की सक्रियता को रेखांकित करता है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि राष्ट्रीय लोकदल अब सामाजिक और युवावर्ग के मुद्दों को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है।

# अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान, हर रास्ते पर चौकसी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ जिस तरह से आबकारी विभाग ने मोर्चा खोल रखा है, वह न केवल प्रशासनिक दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है, बल्कि जनस्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था की रक्षा के लिए एक निर्णायक जंग भी बन चुका है।

जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम के नेतृत्व में विभाग ने एक ऐसा व्यापक अभियान छेड़ दिया है, जिसने न सिर्फ शराब माफिया के होश उड़ा दिए हैं, बल्कि लाइसेंस धारकों को भी नियमों के पालन के लिए सख्त चेतावनी दे दी है। यह पहली बार नही है कि जब खुद जिला आबकारी अधिकारी सड़क पर उतरकर फील्ड की हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं, छापेमारी का नेतृत्व कर रहे हैं और एक-एक चेक पोस्ट से लेकर गुप्त चोर रास्तों तक अपनी टीम को सक्रिय कर चुके हैं। उनकी अगुवाई में दिल्ली सीमा, हाईवे, और शहरी तथा ग्रामीण इलाकों में 'ऑपरेशन जीरो टॉलरेंस' का ऐसा जाल बिछाया गया है, जिससे अब अवैध शराब के धंधेबाजों का बच पाना नामुमकिन होता जा रहा है। आबकारी विभाग की यह सक्रियता केवल औपचारिक कार्यवाही भर नहीं है, बल्कि यह एक सुनियोजित, सतर्क और संवेदनशील प्रशासनिक प्रयास है, जिसका लक्ष्य है गाजियाबाद को अवैध शराब मुक्त बनाना। चाहे गुप्त खरीद की रणनीति हो, लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी, या तस्करों के अड्डों पर दबिश हर कदम बता रहा है कि अब गाजियाबाद में शराब माफिया के दिन लद चुके हैं। जिले में दिल्ली सीमा, हाईवे, प्रमुख चेक पोस्ट और गुप्त रास्तों पर आबकारी विभाग की टीमें 24 घंटे तैनात हैं।

# शिक्षकों की समस्याओं पर शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से की शिष्टाचार भेंट

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपद गाजियाबाद के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस भेंट के दौरान शिक्षकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को सामने रखा। संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी का स्वागत पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया।

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षक न केवल शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में शिक्षकों की जिम्मेदारियाँ केवल विद्यालय तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक एवं सामुदायिक दायित्वों का भी निर्वहन करना पड़ता है। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने बताया कि यह भेंट एक औपचारिक मुलाकात थी, जिसमें जिले के शिक्षकों की सामान्य एवं दीर्घकालिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष रविन्द्र राणा ने बताया कि जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया है कि शिक्षकों से जुड़ी कोई भी समस्या अधिक समय तक लंबित नहीं रहने दी जाएगी और हर समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाएगा। इस सकारात्मक आश्वासन पर शिक्षक संघ ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्ष और वरिष्ठ शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार कार ने छीनी एक और जिंदगी, डिलीवरी बॉय की मौत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के नीति खंड इलाके में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार से उनका इकलौता बेटा छीन लिया।

एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे एक डिलीवरी बॉय को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 20 वर्षीय सचिन के रूप में हुई है, जो बुलंदशहर जिले के डिबाई कस्बे का रहने वाला था। वर्तमान में वह रोजगार के सिलसिले में खोड़ा कॉलोनी में रह रहा था। सचिन एक खाद्य सामग्री वितरण कंपनी में कार्यरत था और हादसे के समय डिलीवरी के लिए निकला था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना इतनी भीषण थी कि टक्कर लगते ही सचिन दूर जाकर गिरा और उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। मौके पर ही उसकी सांसें थम गईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद करने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन सतर्क नागरिकों ने उसे दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। जांच में यह सामने आया है कि कार चालक नशे की हालत में था और नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह भीषण दुर्घटना घटी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना इंदिरापुरम प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस दुर्घटना की खबर जैसे ही मृतक सचिन के परिजनों को मिली, परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि सचिन परिवार का सहारा था और बड़े सपनों के साथ शहर में नौकरी कर रहा था। उसकी असामयिक मृत्यु ने पूरे परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और इस तरह के मामलों में सख्त निगरानी रखी जाए।

# थाने के सामने युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या, लापरवाही पर तीन पुलिसकर्मी निलंबित



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले के मुरादनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह कानून व्यवस्था को धता बताते हुए एक युवक की थाने के ठीक सामने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई। यह सनसनीखेज वारदात उस समय हुई जब युवक अपने पिता और भाई के साथ आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचा था। थाने के बाहर ही घात लगाए बैठे हमलावरों ने युवक को चार गोलियां सीने में मारीं और फरार हो गए। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे जरूर, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मृतक की पहचान मिल्क रावली गांव निवासी रवि शर्मा के रूप में हुई है। उसकी शादी छह वर्ष पहले हुई थी और वह दो बच्चों का पिता था। रवि के पिता श्रीपाल शर्मा गांव में बीज भंडार की दुकान चलाते हैं। घटना के बाद पीड़ित परिवार और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

## स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा दिखा रहा नगर निगम

**गाजियाबाद।** एक ओर केंद्र सरकार स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत देशभर में स्वच्छता को लेकर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है और लोगों को साफ-सुथरे वातावरण के लिए प्रेरित कर रही है, वहीं दूसरी ओर गाजियाबाद नगर निगम की लापरवाही इस महत्वाकांक्षी मुहिम की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न लगा रही है। शहर के वसुंधरा और नंदग्राम जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में नालों की सफाई न होने से नागरिकों का जीना मुश्किल हो गया है। गंदगी, दुर्गंध और मच्छरों के कारण लोग डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक रोगों के खतरे में हैं। वसुंधरा सेक्टर-4 स्थित अरुणिमा सोसाइटी के पीछे बना नाला पूरी तरह से कचरे, गाद और प्लास्टिक की पन्नियों से पट चुका है।

# जिलाधिकारी ने कार्यालय में की जन सुनवाई, समस्याओं के शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कलैक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस जन सुनवाई में जिले के विभिन्न हिस्सों से आए नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं का निस्तारण नियमानुसार और समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की बात सुनी जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी फरियादी निराश न लौटे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (भूमि अधिग्रहण) विवेक मिश्र और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सौरभ भट्ट भी उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की और जमीनी स्तर पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।